दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 25 जयपुर, बुधवार, 03 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### देश में 24 घंटे में आए कोरोना के 573 नए केस



**जयपुर।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट JN.1 की वजह से भारत सहित कई देशों में संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 573 नए मामले आए हैं और एक्टिव मरीजों की संख्या 4,565 है। इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी तक कोविड-19 के नए वैरिएंट JN.1 के कुल 263 मामले सामने आए हैं, जिनमें से करीब आधे मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। उधर, प्रदेश में कोरोना के पांच नए केस मिले हैं। इसमें सबसे ज्यादा चार केस जयपुर और एक केस उदयपुर का है, जबकि 5 मरीजों को ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया।

### SMS के डॉक्टरों ने किया PFIC का जटिल ऑपरेशन

**जयपुर।** एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने प्रोग्रेसिव फेमेलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस (पीएफआईसी) का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर एक 4 वर्षीय बच्चे की जान बचाई है। यह दूसरी बार है कि जब एसएमएस के एचपीबी सर्जरी विभाग ने यह जटिल ऑपरेशन किया है। इससे पूर्व 2 वर्षीय बच्चे हर्षित की जान भी इसी तरह के ऑपरेशन से बचाई गई थी। इसके लिए पहले बाहर जाना पड़ता था, लेकिन एसएमएस अस्पताल में दूसरी कामयाब सर्जरी के बाद डॉक्टर्स का उत्साह परवान पर है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**शीतलहर का प्रकोप जारी:** 20 से ज्यादा जिलों में छाया रहा घना कोहरा, जयपुर में विजिबिलिटी रही 50 मीटर से भी कम

# जाड़े की चपेट में प्रदेश, जयपुर का पारा 6.8° तक लुढ़का

बेधड़क | जयपुर

नया साल शुरू होने के बाद से ही प्रदेश में कोहरे का सितम लगातार जारी है। मंगलवार को प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा छाया रहा। अधिकतर जिलों में सुबह 10 बजे तक सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। सूर्य के कोहरे की ओट में छिपे होने से देर सुबह तक धूप नहीं खिल सकी। वहीं, खेतों और पार्कों में पेड़ों-पौधों व घास पर ओस की बूंदें जम गईं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप आगामी कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है। राजधानी जयपुर में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर और कोहरे के कारण लोगों की दिन चर्या में भी बदलाव आ गया। सुबह 10 बजे तक अधिकतर स्थानों पर कोहरे के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकले। वहीं दिनभर चली सर्द हवाओं के कारण शहर में कई जगहों पर लोग अलाव का सहारा लेते दिखाई दिए।

### 40 मिनट आसमान में रहा विमान

घने कोहरे के कारण जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी सिर्फ 50 मीटर रह गई। इस कारण दुबई से आने वाला एक विमान 40 मिनट तक आसमान में ही मंडराता रहा। वहीं दो फ्लाइट समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। जयपुर से उदयपुर फ्लाइट कैंसिल हो गई और जयपुर से भोपाल जाने वाली फ्लाइट कम विजिबिलिटी के कारण साढ़े तीन घंटे देरी से टेक ऑफ कर पाई। इसी तरह सुबह अहमदाबाद से आने वाली फ्लाइट भी समय पर नहीं पहुंची। कोहरे के कारण कई ट्रेनें छह से आठ घंटे की देरी से चल रही हैं।



फोटो: राजेश कुमावत

### माउंट आबू: माइनस 1 डिग्री

माउंट आबू में न्यूनतम तापमान मंगलवार को जमाव बिंदु से नीचे पहुंच गया। वहां का न्यूनतम तापमान माइनस 1 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के मुताबिक इस सप्ताह में कोहरे का असर देखने को मिलेगा। साथ ही सुबह और शाम के समय शीतलहर चलने से सर्दी का प्रकोप जारी रहेगा। सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम पारा 3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि फलौदी में 5.2, जैसलमेर में 5.4, जयपुर में 6.8 और सिरोही में 7.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। जयपुर में दिन का तापमान 20 डिग्री से गिरकर 14.8 डिग्री पर पहुंच गया।

हिट एंड रन कानून पर देशभर में बवाल

**राजस्थान, एमपी-यूपी समेत कई प्रदेशों में हड़ताल से जनजीवन प्रभावित**

# सरकार-ट्रांसपोर्टर्स में बनी सहमति... हड़ताल खत्म

बेधड़क | दिल्ली/जयपुर

केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून पर देशभर में बवाल खड़ा हो गया। कानून में किए गए संशोधन का देशभर में चक्काजाम कर विरोध किया जा रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र समेत कई प्रदेशों में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते हाहाकार मच गया। पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। सबसे ज्यादा असर मध्य प्रदेश में देखा गया। इस बीच ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और सरकार के बीच मंगलवार देर शाम दिल्ली में बैठक हुई। इसमें सरकार के आश्वासन के बाद हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया गया। देशभर में हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ मंगलवार को ट्रक ड्राइवर्स का लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन जारी रहा। इस कानून को लेकर सरकार और ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के बीच वार्ता हुई। इसके बाद केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा कि नया कानून अभी लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून लागू करने से पहले ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के लोगों से बात करेंगे।


ट्रकों के चक्के थमे...


बसों की रफ्तार रुकी...

### जयपुर में दिखा मिला-जुला असर

हड़ताल का जयपुर में मिला जुला असर देखा गया। दोपहर तक सड़क पर सिटी बसों व छोटे वाहनों की संख्या कम रही। इससे यात्रियों को जेसीटीएसएल की बसों के भरोसे रहना पड़ा। बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, जयपुर संभाग अध्यक्ष कैलाशचंद्र शर्मा और प्रदेश महासचिव रविप्रकाश सैनी ने जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को केंद्रीय गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इन्होंने कानून वापस लिए जाने के संबंध में ठोस निर्णय नहीं होने पर 5 जनवरी से संपूर्ण राजस्थान में बसों का पूर्ण चक्काजाम करने की चेतावनी दी। जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश जैन व परचून यूनियन अध्यक्ष रामावतार मोर ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से मुलाकात की।

### जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति रुकी

केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए हिट एंड रन कानून को लेकर ट्रक व बस चालकों का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदेश के अधिकांश जिलों में ट्रक और बसों के पहिए थमे रहे। लोगों को आने-जाने के लिए परिवहन के साधन नहीं मिले। शहरों में फल-सब्जियों, दूध और पेट्रोल की डिलीवरी नहीं होने से किल्लत शुरू हो गई है। प्रदेश में हड़ताल की वजह से रोडवेज की सेवाएं भी प्रभावित हुईं। वहीं कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों व पुलिस में नोकझोंक भी हुई। हड़ताल की वजह से सर्वाधिक प्रभावित अजमेर व भरतपुर रूट रहा।

### इसलिए हो रहा है विरोध

केंद्र सरकार की हाल ही में लाई गई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में हिट-एंड-रन' (दुर्घटना के बाद मौके से भाग जाना) मामलों में यह कड़े प्रावधान किया है। इसके अनुसार लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर सड़क दुर्घटना किए जाने वाले और पुलिस या प्रशासन के किसी भी अधिकारी को जानकारी दिए बिना भागने वाले चालकों को 10 साल तक की सजा या सात लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। जबकि इससे पहले आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), ड्राइवर की पहचान के बाद 304ए (लापरवाही से मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल सजा का प्रावधान है।

### केकड़ी में पुलिस पर पथराव, वाहनों को फूंका

अजमेर संभाग के केकड़ी जिले में हड़ताल ने उग्र रूप ले लिया। यहां भिनाय थाना क्षेत्र के बांदनवाड़ा इलाके में जाम खुलवाने गए पुलिसकर्मियों के साथ वाहन चालकों समेत स्थानीय असामाजिक तत्वों ने जमकर पत्थरबाजी कर दी। पत्थरबाजी की घटना में केकड़ी व सरवाड़ थानाधिकारी समेत कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। असामाजिक तत्वों ने केकड़ी सिटी थाना पुलिस के वाहन को भी जलाकर राख कर दिया। अजमेर व केकड़ी जिले का भारी पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। केकड़ी एसपी मनीष त्रिपाठी के मुताबिक घटना में केकड़ी सिटी थानाधिकारी, प्रदीप कुमार, सरवाड़ थानाधिकारी सुरेंद्र गोदारा समेत कई पुलिसकर्मियों को चोटे आई हैं। घटना के बाद पुलिस के आला अफसर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।



### एक चौथाई पेट्रोल पंप रीते वाहनों की लगी रही कतारें

ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के कारण प्रदेश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कमी हो गई। हड़ताल की वजह से पेट्रोल-पंपों पर तेल टैंकर नहीं पहुंच पाए। ऐसे में प्रदेश के 22 फीसदी से अिधक पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। इस कारण पंपों के बाहर पेट्रोल लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गई। राजस्थान पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि अब हमारे पास मात्र एक-दो दिन का ही तेल बचा हुआ है।

**तीन दिवसीय DG-IG सम्मेलन 5 से**

## मोदी-शाह होंगे शामिल



बेधड़क | जयपुर

राजधानी में पांच जनवरी से होने वाले तीन दिवसीय डीजी-आईजी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छह-सात जनवरी को सम्मेलन में शामिल होने की संभावना है। वहीं, अमित शाह तीन दिन तक शहर में रहेंगे। पीएम और गृहमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए एसपीजी के अधिकारियों ने शहर में डेरा डाल दिया है। सम्मेलन में अमित शाह मुख्य अतिथि रहेंगे, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल कार्यक्रम की अध्यक्षता कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी को राजभवन में ठहराया जा सकता है और गृहमंत्री को तीन दिनों तक सोडाला के पास एक गेस्ट हाउस में ठहराया जाएगा। इस सेमिनार में देश के 28 राज्यों के डीजी-आईजी और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के आईजी शामिल होंगे। 150 से अधिक सरकारी अधिकारियों के निवास की व्यवस्था विधानसभा के पास बने विधायक क्वार्टर्स में की गई है।

**केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन**

## बिना इजाजत मरीज को ICU में भर्ती नहीं कर सकते अस्पताल



एजेंसी | नई दिल्ली

देश में पहली बार, सरकार ने अस्पतालों को इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) के तहत इलाज के लिए मरीज की जरूरतों के आधार पर निर्णय लेने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकांश विकसित देशों में मरीजों के परीक्षण के लिए प्रोटोकॉल हैं ताकि संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग किया जा सके।

आईसीयू में मरीजों की भर्ती को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसमें कहा गया है कि अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उनके और उनके रिश्तेदारों द्वारा इनकार करने की स्थिति में आईसीयू में भर्ती नहीं किया जा सकता है। आईसीयू प्रवेश के संबंध में ये दिशा-निर्देश क्रिटिकल केयर मेडिसिन में विशेषज्ञता वाले 24 शीर्ष डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा तैयार किए गए हैं। पैनल ने उन चिकित्सीय स्थितियों की एक सूची बनाई है जिनके तहत मरीज को आईसीयू में रखने की जरूरत होती है।

**CS और DGP के बाद कमिश्नर की कवायद**

# जयपुर पुलिस कमिश्नर बनने के लिए 4 एडीजी और 4 आईजी दौड़ में

- डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के बाद होंगे पुलिस महकमे में बड़े बदलाव
- एक आईजी और एडीजी रैंक के अफसर सबसे आगे
- चार माह पहले एडीजी बीजू जॉर्ज जोसफ को लगाया था कमिश्नर

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** भाजपा के सत्ता में आते ही फेरबदल का दौर शुरू हो गया। सीएस और डीजीपी पद पर बदलाव के बाद अब जयपुर शहर में पुलिस कमिश्नर के पद को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई। कांग्रेस सरकार ने चार माह पहले एडीजी बीजू जॉर्ज जोसफ को कमिश्नर के पद पर लगाया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद कई अफसर कमिश्नर पद के लिए दौड़ में शामिल हो गए। इनमें चार एडीजी रैंक और चार आईजी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। दौड़ में शामिल अफसरों में एक आईजी और एक एडीजी रैंक का अफसर सबसे आगे हैं। कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस कमिश्नर के पद पर आईजी रैंक के अधिकारियों को ही लगाया था। इसके बाद में वे अधिकारी एडीजी रैंक पर पदोन्नत होने के बाद कमिश्नर के पद पर रहे थे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने पहली बार कमिश्नर पद पर एडीजी के रैंक के अफसर बीजू जॉर्ज जोसफ को लगाया था।


प्रफुल्ल कुमार
आईजी


राहुल प्रकाश
आईजी


अशोक गुप्ता
आईजी


विकास कुमार
आईजी

### आईजी रैंक के ये अफसर कतार में

आईजी रैंक के अधिकारियों में आईजी हैडक्वार्टर पुलिस मुख्यालय अशोक गुप्ता, हाल ही में आईजी पद पर पदोन्नत हुए एडिशनल पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश, आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार और आईजी आरएसी विकास कुमार भी दौड़ में है। इन सभी अफसरों की छवि बेदाग और ईमानदारी की है। अशोक गुप्ता का इसी साल रिटायरमेंट है। ऐसे में उनको मौका दिया जा सकता है, जबकि राहुल प्रकाश को कमिश्नरेट में नहीं लगाया तो जयपुर रेंज या भरतपुर रेंज की जिम्मेदारी मिल सकती है।

### एडीजी रैंक के ये अफसर आगे

सूत्रों का दावा है कि पहली बार कमिश्नर के पद एडीजी रैंक के अफसरों को लगाया था। ऐसे में पुलिस मुख्यालय व सरकार अब इस पद पर सीनियर एडीजी रैंक के अफसर को ही लगा सकती है। इनमें पुलिस मुख्यालय में पीएनडब्ल्यू के एडीजी गोविंद गुप्ता, एडीजी क्राइम दिनेश एमएन, एडीजी व एसआईटी के प्रभारी वीके सिंह और आरएसी के एडीजी विशाल बंसल भी दौड़ में शामिल हैं।


गोविंद गुप्ता
एडीजी


विशाल बंसल
एडीजी


वीपी सिंह
एडीजी


दिनेश एमएन
एडीजी

### ये अफसर रह चुके पुलिस कमिश्नर

जयपुर में कमिश्नरेट प्रणाली कांग्रेस सरकार में जनवरी, 2011 में लागू हुई थी। कमिश्नरेट में कमिश्नर पद पर सबसे पहले आईजी बीएल सोनी को लगाया था। इसके बाद में कमिश्नर के पद पर भूपेंद्र दक, जंगा श्रीनिवास राव, संजय अग्रवाल और आनंद श्रीवास्तव को लगाया। फिलहाल कमिश्नर के पद पर बीजू जॉर्ज जोसफ तैनात हैं।

## जरूरी खबर

### एनएसयूआई ने फूंका पीएम मोदी का पुतला



**बेधड़क, जयपुर।** बीएचयू कैम्पस में हुई दरिंदगी के विरोध में मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने जेएलएन मार्ग पर एकत्रित होकर भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पीएम मोदी का पुतला दहन किया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने कि हम प्रधानमंत्री से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इस घटना पर अपना वक्तव्य जारी करें और दरिंदों पर उचित कार्रवाई करें। इस दौरान अमरदीप, अक्षय, मनीष मेघवंशी, किशोर चौधरी, शिवराज पचेरवाल, प्रणव माथुर मौजूद रहे।

### 67वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से होगी शुरू

**बेधड़क, जयपुर।** 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता के तहत 17 वर्ष आयु छात्रा संवर्ग के मुकाबले बुधवार से जयपुर के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में आरंभ होंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी 11 बजे करेंगी। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय) जयपुर राजेन्द्र हंस ने बताया कि इस प्रतियोगिता के 3 से 8 जनवरी तक आयोजित होने वाले मुकाबलों में देशभर से 29 टीमें शिरकत कर रही है, जिनमें 348 छात्राएं और 87 ऑफिशियल शामिल हैं।

### रेल फ्रैक्चर की घटनाओं को रोकने के दिए निर्देश



**बेधड़क, जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जीएम अमिताभ ने सर्दी के मौसम में कोहरे के दौरान सभी मण्डलों पर सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित रेल संचालन में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हादसों की रोकथाम तथा सर्दी के मौसम में रेल फ्रैक्चर की घटनाओं को देखते हुए सघन पेट्रोलिंग एवं ट्रैक मेंटेनरों की मॉनिटरिंग व ट्रेनिंग की जरूरत है। जीएम ने क्रू लॉबी में पर्याप्त मात्रा में फॉग सेफ्टी डिवाइस की उपलब्धता एवं रेवाड़ी-पालनपुर के मध्य औसत गति के 130 किमी प्रतिघंटा होने से रेल लाइन के दोनों और बाउंड्री वॉल फेंसिंग के कार्य को युद्ध स्तर पर करने पर दिशा निर्देश दिए।

**पूर्व सरकार के प्रोजेक्टों की जांच,** डिप्टी सीएम और मंत्री ने किया निरीक्षण

# कांग्रेस ने लोकार्पण में जल्दबाजी की, प्रोजेक्ट में खामियां: दीया

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भाजपा की नई सरकार बनने के बाद भाजपा नेताओं ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कराए कामों पर घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ अपने-अपने क्षेत्र के दौरे पर रहे। डिप्टी सीएम ने जहां निर्माणाधीन झोटवाड़ा एलिवेटेड का निरीक्षण किया, वहीं मंत्री राठौड़ ने जोन सी बाईपास के अंडरपासों का दौरा किया। दीया कुमारी ने निरीक्षण के दौरान मौके पर ही अधिकारियों को घटिया निर्माण करने पर फटकार लगाई और निर्माण कार्य को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।



वहीं राज्यवर्धन ने अंडरपासों में पानी भरने पर जेडीए अधिकारियों को लताड़ लगाई। दोनों ने अधिकारियों को नसीहत दी कि पूर्व सरकार के समय किए गए घटिया निर्माण को बंद कर लम्बे समय तक चलने वाले निर्माण पर ध्यान दें।

### निर्माण की बजाय दिया शुरू करने पर ध्यान

डिप्टर सीएम ने कहा कि यह सुविधा आमजन के लिए है, इसलिए इसमें जनता की राय और सुझाव बहुत महत्वपूर्ण है। कोई भी नया निर्माणकार्य दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए, जिससे कि आने वाले 25 वर्षों तक बिना किसी परेशानी के जनता इसका उपयोग कर सके। इसके निर्माण में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। दिया कुमारी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस प्रोजेक्ट पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया, बल्कि इसका जल्दबाजी में उद्घाटन कर दिया। कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों के दौरान भी यह फ्लाई ओवर बनकर तैयार नहीं हुआ। अब भी इस प्रोजेक्ट में इतनी खामियां हैं।

### ड्रेनेज सिस्टम मजबूत करने के निर्देश

केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जेडीए और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ सी-जोन बाईपास सर्विस रोड - गांधी पथ वैशाली नगर अंडरपास से लेकर 200 फीट अजमेर रोड चौराहे से खिरणी फाटक आरओबी तक दौरा कर अधिकारियों को ड्रेनेज सिस्टम मजबूत करने एवं सर्विस रोड सडक दुरूस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री राठौड़ ने कहा कि सी-जोन बाईपास पर अंडरपासों पर हर मानसून में जल भराव की समस्या होती है। सी- जोन बाईपास के दोनो तरफ बहुत बड़ी आबादी है जिससे हजारों की संख्या में यहं से गुजरने वाले वाहन चालकों को समस्या आती है। राठौड़ ने जेडीए और एनएचएआई के अधिकारियों से ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने के लिए प्लानिंग कर जून-2024 तक जल भराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए। वहीं, जेडीसी डॉ. जोगाराम ने बताया कि सी-जोन बाईपास की 17 किमी की सर्विस रोड पर ड्रेनेज वर्षा जल के लिए का कार्य एनएचएआई द्वारा किया जाएगा। जेडीए खिरणी फाटक जंक्शन सी-जोन बाईपास सर्विस रोड से आर्मी एरिया 3 किमी होते हुए द्रव्यवती नदी में ड्रेनेज का कार्य करेगा।



**श्रीकरणपुर चुनाव प्रचार का** अंतिम दिन आज

# BJP सरकार के मंत्रियों को मिला ‘टीटी’ बचाओ विभाग: डोटासरा

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव निकट आते ही प्रदेश की दोनों मुख्य पार्टी के नेताओं के सियासी बयान तेज हो गए हैं। भाजपा के नेता कांग्रेस को पिछले पांच सालों में लचर कानून व्यस्था, भ्रष्टाचार, महिला अपराध को लेकर घेर रहे हैं।

वहीं कांग्रेस के नेता भाजपा प्रत्याशी को निर्वाचित हुए बगैर ही मंत्री पद दिए जाने पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। गौरतलब है कि श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को होने वाले चुनाव में बुधवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा है कि भाजपा के मंत्रियों को टीटी बचाओ विभाग मिला है।

प्रदेश में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने एक महीना बीतने पर भी कुछ काम नहीं किया। भाजपा सरकार ने कांग्रेस की मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना समेत 800 योजनाओं को बंद करने के अलावा कुछ नहीं किया। भाजपा ने पहले राजस्थान की जनता को भ्रमित किया, अब लोकसभा चुनाव के लिए पूरे देश की जनता को मोदी-मोदी और श्रीराम मंदिर के नाम पर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को करणपुर विधानसभा सीट पर अपनी हार दिख रही है। ऐसे में पूरी सरकार करणपुर विधानसभा के चक्कर लगा रही है।

### भाजपा को करणपुर विधानसभा सीट पर दिख रही है अपनी हार



### भाजपा की सरकार पर्चियों वाली

डोटासरा ने कहा कि भाजपा पर्चियों की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि पहले मुख्यमंत्री के चयन के लिए कहीं से पर्ची आती है और उनका नाम अनाउंस किया जाता है। इसके बाद मंत्रिमंडल के गठन के समय भी ऊपर से पर्ची आती है और मंत्रियों के नाम अनाउंस होते हैं। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री एक सील बंद लिफाफे में मंत्रियों के नाम लेकर आए और उन्हें खुद भी नहीं पता था कि कौन मंत्री बनने वाले हैं। भाजपा ने पहले तो मुख्यमंत्री तय करने में कई दिन लगा दिए। फिर मंत्रिमंडल गठित करने में भी कई दिन लगाए। अभी तक पता नहीं कि कौन से मंत्री को कौन सा मंत्रालय मिलेगा। बिना मंत्रालय मिले ही मंत्रियों ने कार्यभार संभालने भी शुरू कर दिए। इससे ज्यादा हास्यास्पद बात कुछ नहीं हो सकता।

## डोटासरा नहीं करें मंत्री बनाने की चिंता: शेखावत

■ कांग्रेस राज में हुए घोटाले में शामिल लोग अब जेल जाने के लिए रहें तैयार



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने डोटासरा के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को मंत्री बनाना अथवा नहीं बनाना लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान प्रदत्त अधिकार है। इसी के तहत यह किया गया। उन्होंने कहा कि अगर कुछ गलत हुआ है, चुनाव आयोग उस पर निर्णय करेगा। इसकी चिंता कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा को क्यों है? संविधान प्रदत्त व्यवस्था है कि किसी भी व्यक्ति को मंत्री बनाया जा सकता है। वे पर्चे और पर्चियों की बात नहीं करते, लेकिन कांग्रेस सरकार में पर्चियों पर हुए घोटालों का हिसाब-किताब अब होने जा रहा है। कांग्रेस राज में हुए घोटाले में शामिल लोग अब जेल जाने के लिए भी तैयार रहें। सुरेंद्र पाल को मंत्री बनाए जाने पर कहा कि भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही मंत्रिमंडल में जगह दी गई है और यदि यह आचार संहिता का उल्लंघन है तो इसका फैसला कांग्रेस नहीं भारत निर्वाचन आयोग करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा करणपुर विधानसभा सीट पर होने जा रहे चुनाव को जीतने जा रही है।

**AIMIM प्रमुख के बयान** पर पलटवार

# थोड़े दिन बाद ओवैसी भी राम मंदिर जाएंगे: माथुर



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर ने मंगलवार को विवादित बयान देते हुए कहा कि थोड़े दिनों बाद ओवैसी भी राम मंदिर जाएंगे। हमें मस्जिदों को आबाद रखने से कोई परेशानी या विरोध नहीं है। जहां भगवान राम का जन्म हुआ वहां जबरदस्ती मस्जिद बनाई गई, यह साबित हो चुका है।

सुप्रीम कोर्ट का निर्णय हो चुका है। इसलिए हमने किसी मस्जिद को तोड़ने का काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारे जितने भी आस्था के केन्द्रों को जबरदस्ती तोड़ा गया उन सभी की चर्चा अब होगी। हमने आज से नहीं, जनसंघ की स्थापना के समय से ही धारा 370 हटाने की कल्पना की थी। हमारी ताकत है, इसलिए हमने उसको हटाया। गौरतलब है कि असदुद्दीन ओवैसी ने हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम युवाओं से अपील करते हुए कहा था कि अपनी मस्जिदों को आबाद रखो। जहां हमने 500 साल कुरान पढ़ी। आज वो जगह हमने खो दी हैं। उन्होंने दिल्ली की सुनहरी बाग मस्जिद का जिक्र करते हुए कहा कि कहीं ऐसा ना हो कि हमसे हमारी मस्जिदें छीन ली जाए।

### राम हमारी आस्था का केन्द्र

माथुर ने कहा कि राम अकेले बीजेपी के नहीं है। राम पूरे विश्व के हैं। राम हमारे हृदय में हैं, हमारी आस्था का केन्द्र हैं। हमने लिमिटेशन को ध्यान में रखते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण दिए हैं। मुझे लगता है कि अगर कोई उस दिन नहीं जाए तो कोई बात नहीं, तो भी छिप-छिपकर सब राम के दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब ये जनेऊ पहनने लगे हैं, मंदिर जाने लगे हैं, दर्शन करने लगे हैं। दो चार दिन बाद जाएंगे तो आपको पता लग जाएगा।

**सीएस ने संभाला पदभार,** मंदिरों में किए दर्शन

# मुख्य सचिव ने लोगों से की मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के नए मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन की शुरुआत देव दर्शन से की। सीएस सुधांश पंत ने मंगलवार को सुबह गोविंद देवजी व मोती डूंगरी गणेश मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया।



पदभार संभालते ही मुख्य सचिव पंत एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम जन-मन योजना को लेकर सचिवालय में बैठक ली। इस दौरान कई सामाजिक, राजनीतिक, कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रथम जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाली ट्रांसजेंडर नूर शेखावत, किन्नर रिसर्च स्कॉलर शिवराज, कुश शर्मा ने भी मुलाकात की। शेखावत ने ट्रांसजेंडर को मुख्यधारा में जोड़ने को लेकर और ट्रांसजेंडर समुदाय को आवासीय योजना में कोटा देने की मांग रखी। वहीं मुख्य सचिव बुधवार को सुबह 11 बजे सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में अहम बैठक लेंगे। जिसमें सभी विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव मौजूद रहेंगे और सभी कलेक्टर्स और संभागीय आयुक्त वीसी से जुड़ेंगे।

**विजेताओं को मिलेंगे 20 लाख** रुपए के पुरस्कार

# साइबर सुरक्षा हैकथॉन 17 जनवरी से

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए राजस्थान पुलिस की ओर से साइबर सुरक्षा हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है।

शहर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 17-18 जनवरी को होने वाले इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी यूआर साहू की अध्यक्षता में इस हैकथॉन की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीजी (साइबर क्राइम) डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि साइबर सुरक्षा हैकथॉन में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, उद्योगों, रिसर्च लैब और स्टार्ट अप्स के 1665 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया है। कुल 300 टीम इस आयोजन में भाग लेंगी। ये टीम 12 साइबर सुरक्षा से संबंधित समस्याओं का समाधान निकालने के लिए लगातार 36 घंटे तक काम करेंगी। विजेताओं को विभिन्न श्रेणियों में कुल 20 लाख रुपए के नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।




### लाइव सेशंस होंगे आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लाइव सेशंस भी आमजन के लिए आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान साइबर जागरूकता सेशन, तकनीकी कौशलता सेशन और ड्रोन फोरेंसिक के लाइव सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य राजस्थान के साइबर सुरक्षा क्षेत्र को नई ऊंचाई तक ले जाना और राजस्थान के युवाओं और प्रतिभाशाली साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों को एक मंच प्रदान करना है।

**पहले सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होंगे 80 हजार नियमित विद्यार्थी**

# नई शिक्षा नीति के कारण देरी से शुरू होंगी राजस्थान विवि की परीक्षाएं

**बेधड़क** | जयपुर

देश में नई शिक्षा नीति लागू होने बाद राजस्थान विश्वविद्यालय में स्नातक में इस वर्ष सेमेस्टर सिस्टम लागू किया है। एनईपी के तहत पहली बार स्नातक विषयों की परीक्षा 18 जनवरी से प्रस्तावित हैं।




पहली बार परीक्षा होने के कारण तय समय से करीब एक महीना लेट स्नातक की परीक्षा शुरू होगी। गौरतलब है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पहले सेमेस्टर का एग्जाम होने का प्रावधान है। इसके बाद 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक अवकाश और फिर 1 जनवरी से सेकेंड सेमेस्टर शुरू होकर, उसकी कक्षाएं 30 अप्रैल तक होने और फिर सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई से 15 मई तक कराकर डेढ़ महीने के हॉलीडेज का प्रावधान है। राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक में करीब 80 हजार नियमित विद्यार्थी भाग लेंगे। विश्वविद्यालय ने अभी तक आधिकारिक रूप से टाइम टेबल जारी नहीं किया गया है। वहीं, स्वयंपाठी छात्रों की पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक साथ ही कराई जाएंगी। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम वर्ष में पहले सेमेस्टर के नियमित छात्रों के परीक्षा आवेदन 4 से 24 दिसंबर तक ऑनलाइन भरवाए गए थे।

राजस्थान विश्वविद्यालय एग्जाम कंट्रोलर राकेश राव ने बताया कि फिलहाल आवेदनों की जांच का काम चल रहा है।

किसी छात्र के परीक्षा आवेदन में किसी तरह की समस्या भी है तो उनके संशोधन का पोर्टल भी खोल रखा है।

### दोनों सेमेस्टर की एक साथ होगी परीक्षा

स्वयंपाठी विद्यार्थियों की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं फिलहाल नहीं होगी। स्वयंपाठी विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन अभी भरे जा रहे हैं। उनके पहले और दूसरे सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन एक साथ ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वयंपाठी छात्रों का पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न तो नियमित छात्रों की तरह ही रहेगा। लेकिन स्वयंपाठी छात्रों के मिड टर्म एग्जाम नहीं होंगे। इसलिए उनके पेपर की वेटेज में अंतर रहेगा। नियमित छात्र जहां 80 नंबर का पेपर देगा, वहीं स्वयंपाठी छात्र का वही पेपर 100 नंबर का होगा और उनकी दोनों सेमेस्टर की परीक्षाएं अलग से अप्रैल या मई में आयोजित कराई जाएंगी।

### विश्वविद्यालय ने आवंटित किए परीक्षा केंद्र

राजस्थान विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक की सेमेस्टर परीक्षा आयोजन को लेकर सोमवार को परीक्षा केंद्रों का आवंटन भी कर दिया। विवि प्रशासन ने जयपुर, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़, दौसा, सहित संबंधित जिलों के महाविद्यालयों में परीक्षा केंद्र आवंटित कर समुचित व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं। वहीं विवि ने परीक्षा केंद्रों में किसी आपत्ति को लेकर बुधवार तक परीक्षा नियंत्रक के कक्ष में देने का समय दिया है।

**जरूरी खबर**

## 3 अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त, MLA विरोध में उतरे



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जोन-10ए में ईकोलोजिकल जोन में सात बीघा कृषि भूमि पर बनी दो अवैध कॉलोनी और दो बीघा कृषि भूमि पर अवैध रूप से निर्माणाधीन छह अवैध विला ध्वस्त किए। विधायक बालमुकुंदाचार्य ने जेडीए की कार्रवाई को गलत बताते हुए इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि जेडीए ने कार्रवाई के नाम पर गरीबों के आशियाने उजाड़े हैं। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-10ए के मानबाग क्षेत्र सड़वा डूंगरी के पास करीब दो बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति और बिना भू-रूपान्तरण नूर पैराडाइज प्रथम के नाम से और इसी के पास दूसरी करीब पांच बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर नूर पैराडाइज द्वितीय के नाम से दो अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इन्हें प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। वहीं जोन-10ए के ही जयसिंहपुरा खोर में बस्सी वालों की ढाणी में करीब दो बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के निर्माणाधीन छह अवैध विला को भी ध्वस्त कर दिया।

## सचिवालय की दीवार गिरने से 4 वाहन क्षतिग्रस्त

**जयपुर।** सचिवालय परिसर में मंगलवार को दीवार गिर गई। हादसे में मलबे में तीन-चार बाइक दब गई और एक महिला को चोटें भी आई हैं। जानकारी के अनुसार सचिवालय के सेंट्रल पार्क के सामने वाले हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा था। जेसीबी की वजह से एक पुरानी दीवार क्षतिग्रस्त होकर बाहर की ओर गिर गई। रेलिंग टूट कर सड़क की ओर गिर गई। इससे वहां मुख्य सड़क के फुटपाथ रोड पर 4 वाहन दीवार की चपेट में आ गए। कार्मिक विभाग ने इस मामले में पीडब्ल्यूडी से रिपोर्ट मांगी है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया पहुंचे 'सच बेधड़क' कार्यालय, बोले...**

# 'सच बेधड़क' में युवा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम

**बेधड़क** | जयपुर

करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया मंगलवार को 'सच बेधड़क' कार्यालय पहुंचे। राजोरिया ने 'सच बेधड़क' कार्यालय में अयोध्या से लाए गए रामलला व हनुमान जी के सिद्ध विग्रह के दर्शन किए। इस दौरान राजोरिया 'सच बेधड़क' के फाउंडर व एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा के आध्यात्मिक व्यक्तित्व व कम उम्र में मीडिया समूह शुरू करने की कर्मठता से खासे प्रभावित हुए। उन्होंने विनायक शर्मा व पूरे स्टाफ को समूह की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी।









### न्यूज पेपर और चैनल की कार्य प्रणाली समझी

राजोरिया ने 15 जनवरी को 'सच बेधड़क' की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'रामाभिषेकम् उत्सव एवं विशाल आरती' की सफलता के लिए भी शुभकामनाएं दी। राजोरिया ने अपनी विजिट के दौरान 'सच बेधड़क' के न्यूज पेपर, डिजिटल व न्यूज चैनल सेक्शन की कार्यप्रणाली को समझा और अपना दृष्टिकोण साझा किया। इस दौरान 'सच बेधड़क' के वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निजी मीडिया सलाहकार मनोज भारद्वाज भी मौजूद थे।

### 'रामाभिषेकम्' में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

राजोरिया ने कहा कि 'सच बेधड़क' कार्यालय में आध्यात्मिक और युवा ऊर्जा का एक संगम देखने को मिला है। विनायक शर्मा के नेतृत्व में युवा टीम सच को बेधड़क अंदाज में बयां कर रही है, जो काबिले तारीफ है। उन्होंने लोगों से 15 जनवरी को 'रामाभिषेकम्' में भाग लेने की अपील की व उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम जयपुर में अयोध्या को साकार करेगा।

**CM ने मानसरोवर के सिटी पार्क में लोगों के साथ की चाय पर चर्चा**

# सिटीपार्क में मॉर्निंग वॉक पर आमजन के बीच 'भजन'

- मुख्यमंत्री का फोन आने के बाद जागी पुलिस
- चेन लुटेरों की कराई सार्वजनिक परेड

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार सुबह अपने विधान सभा क्षेत्र के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क पहुंचे और आम लोगों के साथ मॉर्निंग वॉक करते हुए चर्चा की। इस दौरान सीएम ने पार्क में लोगों के साथ चाय भी पी।

वहीं, मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर पार्क में वॉक करने आए लोग खुश हो गए। लोगों में सीएम के साथ फोटो खिंचवाने की होड़ मच गई। सीएम ने भी लोगों को निराश नहीं किया और सभी के साथ फोटो खिंचवाई। वहीं, मुख्यमंत्री के मानसरोवर में दौरे के बाद पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया।

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री का फोन आने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आई। इसके बाद पुलिस ने महिलाओं की चेन लूटने वाले आरोपियों की सार्वजनिक परेड करवाकर लोगों को भयमुक्त रहने का संदेश दिया। पुलिस आयुक्त गुरुवार को शिप्रा पथ में जन सुनवाई भी करेंगे।



### फिट इंडिया की दिशा में अहम कदम

पार्क में लोगों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए साल की सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 108वें संस्करण में फिट रहने का संदेश दिया था। हर व्यक्ति को फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ावा देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी।

### महिला को घसीटकर चेन लूटी थी, नंगे पैर घुमाया


सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के संबंध में मुख्यमंत्री का फोन आने के बाद पुलिस ने चित्रकूट इलाके में एक सप्ताह पहले रिटायर्ड बुजुर्ग टीचर को घसीटकर मंगलसूत्र तोड़ने वाले तीन बदमाशों की सार्वजनिक परेड कराई। नंगे पैर और कम कपड़ों में अपराधियों को सड़क पर घुमाते हुए लाउड स्पीकर पर अनाउंस किया जा रहा था- 'सावधान, सावधान, सावधान। ये तीनों बदमाश महिलाओं की चेन तोड़ने के आरोपी हैं। पावर बाइक रखते हैं और चेन पहनी हुई अकेली महिला को निशाना बनाते हैं।' पुलिस ने बताया कि अपराधियों की परेड से मैसेज देने की कोशिश की गई कि अपराध करने वालों के खिलाफ पुलिस का यही रुख रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी संजय चौहान उर्फ आलू निवासी अयोध्या नगर गांधीपथ भूरा पटेल मार्ग, करणी विहार, मोहम्मद वसीम निवासी एमडी रोड सांगानेरी गेट और इनकी मदद करने वाले सुरेंद्र सिंह निवासी अमरनाथ की बगीची, आदर्श नगर की परेड कराई थी।

### पुलिस आयुक्त शिप्रापथ थाने में दो घंटे करेंगे सुनवाई

आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिप्रापथ थाने में जन सुनवाई करेंगे।

**अधिकारियों ने रोका गैस का रिसाव**

# गैस पाइपलाइन लीक, मचा हड़कंप



फाइल फोटो

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के मुहाना थाना इलाके में सिंघानिया सर्किल के पास मंगलवार को एलपीजी गैस लीक होने से हड़कंप मच गया। लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होने लगी। सूचना पर सिविल डिफेंस, कंपनी की टीम और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद कंपनी के लोगों ने उपकरणों की मदद से गैस को कंट्रोल कर लीकेज पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम को साढ़े 3 बजे गैस लीक की सूचना मिली। इस पर सिविल डीफेंस टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। सिविल डिफेंस की टीम 20 मिनट में मौके पर पहुंचकर लोगों को यहां से हटाया और एलपीजी के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और गैस रिसाव को बंद करवाया। दरअसल, मौके पर पानी की पाइपलाइन और गैस की पाइप लाइन आमने-सामने क्रॉस हो रही हैं। कंपनी के कर्मचारी गैस की पाइपलाइन चेक करने आए थे। इसी दौरान गैस की पाइपलाइन से रिसाव होने लगा, इससे लोग डर गए और अफरातफरी मच गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने गैस एजेंसी के अधिकारियों को जानकारी दी।

### सीजीएसटी मुख्यालय में लगी आग

सीजीएसटी मुख्यालय के कॉन्फ्रेस हॉल में मंगलवार शाम को शॉर्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। आग से टीवी, कुर्सियां, फर्नीचर समेत लाखों रुपए का अन्य सामान जलकर राख हो गया।

**जयपुर पुलिस कमिश्नर ने की आमजन से अपील**

# वाहन चोरी हो जाए तो कराएं E-FIR

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ ने आमजन से वाहन चोरी होने पर थानों में चक्कर लगाने के बजाए मामले की ई एफआईआर कराने की अपील की है। जोसेफ ने मंगलवार को ऑनलाइन एफआईआर से जुड़े प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं कि वे लोगों को इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वाहन चोरी के संबंध में आमजन से ई-एफआईआर (ऑनलाइन एफआईआर) तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने से परिवादी का



समय और ऊर्जा दोनों बचेगी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में ई-एफआईआर समय की मांग है। पुलिस द्वारा आमजन की मदद के लिए यह डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके जरिए आमजन थानों में ना जाकर घर बैठे ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। जोसफ ने बताया कि ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने के लिए सबसे पहले गूगल सर्च इंजिन पर ऑनलाइन एफआईआर राजस्थान डालना होगा। इस पर राजस्थान पुलिस के पोर्टल का लिंक https://www.police.rajasthan.gov.in शो होगा। लिंक पर क्लिक करने के बाद एक नया पेज खुलेगा। यहां Citizen Portal दिखाई देगा, इसमें अपनी SSO आईडी के जरिए घटना स्थल व वाहन संबंधी विवरण डालना होगा। सभी जरूरी जानकारी डालने के बाद सबमिट करने पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज हो जाएगी।

**नगर निगम आयुक्त ने बाजार में व्यापारियों के साथ लगाई झाड़ू**

# दुकान के बाहर डस्टबिन नहीं रखा तो जुर्माना

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल सहित अनेक स्थानीय व्यापारियों के साथ झाड़ू लगा कर सफाई अभियान की शुरुआत की। आयुक्त शेखावत ने इस दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर चांदपोल बाजार क्षेत्र का दौरा किया और व्यापारियों से समझाइश की। उन्होंने कहा कि बाजार में कचरा नहीं फैले इसके लिए दुकानों के बाहर डस्टबिन रखें और लोगों को डस्टबिन में कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि बरामदों में अतिक्रमण भी न करें। जो व्यापारी डस्टबिन नहीं रखेंगे और कचरा फैलाएंगे उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।



**ग्रेटर निगम में 22 तक चलेगा रामोत्सव**

# महापुरुषों की प्रतिमाओं की हुई सफाई, साधु-संतों का किया सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए नगर निगम ग्रेटर ने तैयारियां शुरू कर दी है। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को 'रामोत्सव' का शुभारंभ किया। महापौर सर्द सुबह में 7:30 बजे अम्बेडकर सर्किल पहुंची और डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की साफ-सफाई की। उन्होंने पानी से प्रतिमा को धोया और उसके बाद माल्यार्पण किया। इसके बाद वे स्टेच्यू सर्किल पहुंचीं और सवाई जयसिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। निगम मुख्यालय पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा की सफाई कर पुष्प अर्पित किए।





### जहां स्वच्छता, वहां कण-कण में भगवान

महापौर ने बताया कि मंगलवार से रामोत्सव की शुरुआत हुई है। इसमें नगर निगम ग्रेटर के सातों जोनों में आने वाली सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कर माल्यार्पण किया गया। नगर निगम ग्रेटर की टीमों ने शहर में कुल 37 स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं की सफाई की। महापौर ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, यह हम सब के लिए गौरव से भरा ऐतिहासिक क्षण है। जब भगवान आने वाले होते हैं तो सफाई से शुरुआत होती है। जहां स्वच्छता रहती है वहां भगवान कण-कण में बसते हैं इसलिए स्वच्छता का महाअभियान चलाकर जयपुर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया जा रहा है।

### जयपुर को बनाया जाएगा स्वच्छ एवं सुंदर

रामोत्सव में मिशन मोड पर 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाकर जयपुर शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया जाएगा। इस दौरान फायर समिति अध्यक्ष पारस जैन, फुटकर व्यावसाय पुनर्वास समिति अध्यक्ष अरुण शर्मा, उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजेन्द्र नागर सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

### आज होगी धार्मिक स्थलों की सफाई

रामोत्सव को भव्य बनाने के लिए महापौर ने प्रमुख धार्मिक स्थलों के मंहतों, संतों को निगम मुख्यालय आमंत्रित कर सुझाव लिए। इस दौरान शहर के प्रमुख मंदिर महंत और संत बैठक में शामिल हुए। बैठक में शामिल सभी महंत और संतों से विचाार विमर्श के बाद महापौर ने बताया कि 22 जनवरी को जयपुर के हर चौराहे-तिराहे पर दीपदान किया जाएगा। इसके साथ ही प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अस्थाई रोशनी भी की जाएगी। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। इस दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुंदरकांड के पाठ और अन्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। रामोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सांगा बाबा मंदिर से धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई का अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में मोती डूंगरी मंहत कैलाश शर्मा सहित सांगा बाबा मंदिर, गलता पीठ, खोले के हनुमानजी, गोविन्द देवजी, काले हनुमानजी सहित प्रमुख मंदिरों के मंहतों, प्रतिनिधियों, संतों ने भाग लिया। इस दौरान महापौर ने बैठक में मौजूद सभी संत-मंहतों को रामचरित मानस और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## जरूरी खबर

### राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने श्याम प्रभु को लगाई धोक



**सीकर।** राज्यमंत्री हीरालाल नागर मंत्री बनने के बाद मंगलवार को पहली बार खाटूश्याम बाबा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना श्याम बाबा को धोक लगाई और देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने गुलदस्ता भेंट कर राज्य मंत्री का स्वागत किया। वहीं भाजपा नेता पवन पुजारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी राज्य मंत्री का स्वागत किया। दर्शन करने के बाद मंत्री नागर सालासर के लिए रवाना हुए।

### तीन मंजिला जर्जर इमारत गिरी, गैस लीक से हड़कंप

**अजमेर।** जिले में दरगाह क्षेत्र में मंगलवार को एक जर्जर इमारत गिरने से हड़कंप मच गया। इसी बीच मलवे में दो गैस सिलेंडर लीक होने से लोग दहशत में आ गए। एक किलोमीटर क्षेत्र में दुकानें बंद करा दी गई। रेस्क्यू टीम ने सिलेंडरों को बाहर निकाला तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। हादसा दरगाह के गेट नंबर-5 के पास दोपहर में हुआ। जानकारी के अनुसार दो भाइयों के विवाद के चलते यह इमारत कई सालों से खाली पड़ी हुई थी, जो कि जर्जर हो चुकी थी। मौके पर सिविल डिफेंस, अग्निशमन और मेडिकल टीमों भी पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। हालांकि किसी के मलबे में दबने की जानकारी नहीं है।

### हर पात्र व्यक्ति को मिले सरकार की योजनाओं का लाभ



**बांदीकुई।** क्षेत्रीय विधायक भागचंद टांकड़ा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को ही मिलना चाहिए। विधायक मंगलवार को बस स्टैंड पर नगरपालिका की ओर से आयोजित विकसित भारत योजना शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिविर में अधिकारी व कर्मचारियों का दायित्व है कि वे पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाए। इससे संबधित जो काम है, उसे प्राथमिकता से पूरा करें। किसी भी सूरत में अपात्र व्यक्ति का योजनाओं के लिए चयन नहीं करें। इस मौके पर विधायक टांकडा ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।

**अवैध रूप से चल रहे मांस कारोबार के खिलाफ** आंदोलन कर रहे लोगों की मुहिम रंग लाई

# JCB से तोड़ेंगे अवैध बूचड़खाने, सांसद ने दिए लिखित आदेश

**बेधड़क** | टोंक

शहर में जगह-जगह अवैध रूप से चल रहे मांस कारोबार और बूचड़खानों से परेशान लोगों को अब जल्द ही राहत मिल सकेगी। मंगलवार को सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा और एसपी राजर्षि राज वर्मा के साथ बैठक की।



इस दौरान सांसद जौनपुरिया ने टोंक में चल रहे अवैध बूचड़खानों को तुरंत प्रभाव से जेसीबी से तोड़ने व उनके संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिखित में आदेश दिए। गौरतलब है कि भाजपा सरकार आते ही टोंक शहर में चल रहे दो दर्जन से अधिक बूचड़खानों को हटाने के लिए शहर के कई लोगों ने मुहिम शुरु की है। इसे लेकर एक समिति भी बनाई है। उस समिति ने कलेक्टर और सांसद से इन बूचड़खानों को हटाने की मांग की थी। समिति संयोजक विष्णु गुप्ता ने टोंक हाईवे पर बड़ी संख्या में चल रहे अवैध बूचड़खाने व शहर में अन्य जगहों पर चल रहे बूचड़खानों को बंद करने के लिए कोर्ट के आदेशों की कॉपी सुखबीर सिंह जौनपुरिया को दी थी। इसे गंभीरता से लेते हुए सांसद जौनपुरिया ने मंगलवार को टोंक जिला कलेक्टर व टोंक एसपी के साथ एक मीटिंग ली। इस दौरान अवैध बूचड़खाने हटाओ समिति के संयोजक विष्णु गुप्ता, समिति के प्रवक्ता दुर्गेश गुप्ता, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला अध्यक्ष राजेंद्र पराणा, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह चौहान, जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा भी मौजूद रहे।

### कार्रवाई से आमजन को मिलेगी राहत

पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने कहा कि उनके सभापति रहते हुए काफी हद तक इन बूचड़खानों पर अंकुश लगाया गया था, लेकिन गत 4 वर्षों से टोंक शहर में बड़ी संख्या में अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं। समिति से जुड़े हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम जैन ने कहा कि टोंक शहर की जनता इन बूचड़खानों से त्रस्त है और नरकीय जीवन जी रही है। इन्हे तुरंत प्रभाव से हटाकर जनता को राहत दी जाए।

### इन बूचड़खानों पर भी हो कार्रवाई

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने बताया कि टोंक शहर के साथ-साथ जिले में जहां-जहां भी यह अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं उन पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने को कहा गया है। जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया व विष्णु शर्मा ने कलेक्टर को बताया कि धन्ना तलाई के पास गैस गोदाम के नजदीक भी अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं, जिन पर भी कार्रवाई की जाए।

### अवैध कार्य को सरकार नहीं करेगी बर्दाश्त

सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा की सरकार किसी भी अवैध कार्य को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसलिए इन अवैध बूचड़खानों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। इस पर टोंक कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा व जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने कहा कि प्रशासन इस विषय को लेकर बहुत गंभीर है। अवैध बूचड़खानों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**हिट एंड रन कानून के खिलाफ** आंदोलन बना परेशानी का सबब

# पेट्रोल पंप सूखे... बसें भी बंद हड़ताल से मुश्किल में जनता

केंद्र सरकार की ओर से लाए गए हिट एंड रन कानून के खिलाफ वाहन चालकों का आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा। चक्का जाम हड़ताल के चलते प्रदेश में आमजन की मुश्किलें बढ़ गई। हालात ये हो गए हैं कि रोजमर्रा के जरूरत की चीजें भी लोगों तक नहीं पहुंच पाई। वहीं पेट्रोल पंपों पर भी सप्लाई बंद हो गई है। उधर आंदोलन से घबराए लोग टंकी फुल कराने की जुगत में लग गए। इसके चलते हजारों पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। प्रदेश के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी दिखाई दी। ऐसे में वाहन चालकों का आंदोलन प्रदेश की आमजनता के लिए परेशानी का सबब बन गया। हड़ताल से प्रदेश में उपजे हालातों पर पेश है एक रिपोर्ट।

## जोधपुर: 80 प्रतिशत पेट्रोल पंप ड्राई, सुबह से शाम तक लगी रही कतारें

**जोधपुर** में सुबह से ही सभी पेट्रोल पंप पर वाहनों की लंबी कतारें लगी दिखाई दी। दोपहर तक कई पेट्रोल पंप बंद हो गए और शाम तक तो वाहनों को बिना पेट्रोल डीजल के ही लौटना पड़ा। आंदोलन को लेकर लोगों में इतनी घबराहट है कि हर कोई अपने वाहन का फ्यूल टेंक फुल करवाना चाह रहा था। ऐसे में सुबह से ही व्यवस्था बेपटरी हो गई। टैंकर चालकों की हड़ताल के कारण पेट्रोल सप्लाई बंद है। ऐसे में शहर के 80 प्रतिशत पंप ड्राई हो चुके हैं। दो दिन से पेट्रोल नहीं आ रहा है। पेट्रोल पंप भी अपना स्टॉक खाली कर चुके हैं। बुधवार को भी पेट्रोल डीजल की सप्लाई नहीं हुई तो लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी। पेट्रोल डीजल विक्रेता संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह रुदिया ने बताया कि जोधपुर में 74 पेट्रोल पंप हैं और 5 लाख लीटर पेट्रोल की खपत रोजाना होती है। पिछले दो दिन से पेट्रोल की सप्लाई नहीं होने से पंपों पर स्टॉक खतम हो चुका है।



## अजमेर: मांगें नहीं मानी तो करेंगे 'चक्का जाम'



**हिट** एंड रन कानून के विरोध में पटेल मैदान के बाहर मंगलवार को ऑटो, टैक्सी और सिटी बस चालक एकत्र हुए और रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ड्राइवरों ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर विरोध जताया। इसके बाद 7 सूत्री मांगों का ज्ञापन कलेक्टर भारती दीक्षित को गृहमंत्री अमित शाह के नाम दिया। इसमें चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो सभी हड़ताल कर चक्का जाम करेंगे। राजस्थान प्रदेश जीप-कार टैक्सी एकता यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि हिट एंड रन कानून को लेकर हमारी मांग हैं कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए।

## भरतपुर: फल-सब्जी मंडी सूनी

हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राइवरों की हड़ताल से भरतपुर की मंडी और यातायात पूरी तरह ठप हो चुके हैं। रोडवेज सहित प्राइवेट ड्राइवर हड़ताल पर हैं। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ हो वाहन नहीं चलने के कारण रोजमर्रा की चीजों की सप्लाई भी धीरे-धीरे बंद हो गई है। मंगलवार को भरतपुर की फल, सब्जी मंडियां पूरी तरह से बंद रही और सुबह से ही सन्नाटा पसरा रहा। वहीं रोडवेज के ड्राइवर हड़ताल होने के कारण यात्रियों को आने-जाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके कारण ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। कुछ प्राइवेट वाहन अभी भी चल रहे हैं, जो यात्रियों से मनमाने पैसे वसूल रहे हैं। ड्राइवरों का कहना है कि, केंद्र सरकार ने हिट एंड रन नियम में संशोधन करके ड्राइवरों के पेट पर लात मारने का काम किया है। कोई भी ड्राइवर जान कर एक्सीडेंट नहीं करता। जब कभी एक्सीडेंट होता है तो, वह हमेशा गलती से होता है।



## अलवर: यात्री हुए 'बे-बस'

हिट एंड रन कानून के विरोध में अलवर में दूसरे दिन मंगलवार को भी रोडवेज व लोक परिवहन बसों का संचालन बंद रहा। इससे आमजन की परेशानी बढ़ती जा रही है। बस स्टैंड और डिपो परिसर पर बसें खड़ी हैं। लोक परिवहन बसें भी नहीं चल रही हैं। बसों का संचालन नहीं होने से आमजन परेशान हैं। सवारी वाहन नहीं मिलने से लोग धक्के खाने को मजबूर हैं। अलवर रोडवेज डिपो के ड्राइवर झम्मन सिंह ने कहा कि दस साल की सजा व 7 लाख रुपए की सजा का प्रावधान गलत है। ड्राइवर 10 से 20 हजार रुपए की नौकरी करते हैं। वे कहां से इतना जुर्माना भर सकेंगे। उधर बसों का संचालन बंद होने से अब दूर-दराज जाने वाली सवारियों ऑटो चालक मनमर्जी का किराया वसुल रहे हैं।



**कलेक्ट्रेट में व्यवस्थाओं** पर मंथन

## ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स की तैयारियां हुई शुरू



**बेधड़क** | अजमेर

हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। प्रशासनिक स्तर पर भी व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में उर्स की व्यवस्थाओं और पाक जायरीनों के आने की संभावना को देखते हुए बैठक की गई। इसमें कलेक्टर भारती दीक्षित और एसपी चुनाराम जाट ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा कर व्यवस्थाओं को एक हफ्ते में पूरा करने के निर्देश दिए।

वहीं उर्स में पाक जायरीनों के आने को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट हो चुकी है। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और पीएचडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर की ओर से बैठक में उर्स को लेकर की जाने वाली तैयारी को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर भारती दीक्षित ने बैठक में साफ-सफाई, पानी, सड़क सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही सभी कामों को एक हफ्ते में पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

कलेक्टर भारती दीक्षित ने बताया कि बैठक में पाक जायरीनों के आगमन को लेकर भी चर्चा की गई। जायरानों के रहने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए गए हैं। नया बाजार स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल में पाक जायरीनों को रुकवाया जाएगा। जहां पर व्यवस्थाएं की की जा रही हैं। कलेक्टर ने बताया कि इस बार उर्स में 450 पाक जायरीनों के आने की संभावना है। हालांकि अभी तक आधिकारिक सूचना उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। पिछले साल 242 पाक जायरीन उर्स में शामिल होने आए थे।

**हादसे में पत्नी की मौत,** पति गंभीर घायल

## बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने दंपती को रौंदा

**बेधड़क** | धौलपुर

राधा जिले में बजरी माफियाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मंगलवार दोपहर को कोतवाली थाना इलाके के वॉटर वर्क चौराहे पर देखने को मिला। रेड सिग्नल पर वॉटर वर्क्स चौराहे पर खड़े बाइक सवार दंपती को मोरोली गांव की तरफ से आ रही बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर टॉली ने रौंद दिया। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, वहीं पति घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक नीम की बसई गांव निवासी संतोष शर्मा अपनी पत्नी रेखा शर्मा (35) को बाइक पर बिठाकर धौलपुर शहर में आ रहा था। वाटर वर्क्स चौराहे पर रेड लाइट होने के कारण से रुक गया। इस दौरान मोरोली गांव की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर टॉली ने दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी रेखा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पति संतोष शर्मा घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस ने नाकाबंदी भी कराई, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका।

**एजीटीएफ की अलवर में बड़ी कार्रवाई**

# अपराधियों पर नकेल: अवैध हथियारों का जखीरा पकड़ा, 2 तस्कर दबोचे

**बेधड़क** | अलवर

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अलवर जिले के सदर थाना इलाके में दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है।

पकड़े गए तस्कर महुवा थाना सदर जिला अलवर निवासी एजाज अहमद (21) पुत्र सलामुद्दीन मेव एवं सालमपुर बास थाना अरावली विहार अलवर निवासी साहिल खान (21) पुत्र खिलादी मेव है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपियों के पास से टीम ने एक पिस्टल, दो रिवॉल्वर, तीन देशी कट्टे और 28 कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी स्थानीय गैंग को हथियार सप्लाई करने निकले थे। दोनों आरोपियों को थाना सदर पुलिस को सौंपा दिया गया। थाना पुलिस हथियार तस्करों के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

एडीजी एमएन ने बताया कि गैंगस्टर्स, हार्डकोर क्रिमिनल्स, इनामी व वांछित अपराधियों की निगरानी के दौरान टीम के हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा को आसूचना प्राप्त हुई की अलवर जिले में हथियार तस्कर बाहर से हथियार लाकर स्थानीय अपराधियों को मुहैया करवा रहे हैं।

इस सूचना पर आईजी क्राइम प्रफुल्ल कुमार के पर्यवेक्षण एवं एडिशनल एसपी आशा राम चौधरी के सुपरविजन तथा इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में एक टीम अलवर रवाना की गई।

### एक पिस्टल, दो रिवॉल्वर, तीन देसी कट्टे और 28 कारतूस बरामद



### इनकी रही विशेष भूमिका

एडीजी एमएन ने बताया कि संपूर्ण कार्रवाई में हेड कांस्टेबल हेमंत शर्मा की विशेष भूमिका, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा और कमल सिंह का तकनीकी सहयोग रहा। वहीं टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह द्वारा किया गया। टीम में इनके अतिरिक्त हेड कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल भूपेंद्र शर्मा, देवेंद्र व कांस्टेबल चालक विश्राम शामिल रहे।

### टीम ने यूं धरा तस्करों को



हथियार तस्करों के बारे में मिली आसूचना डवलप करने के दौरान एकत्रित जानकारी एवं तकनीकी सहायता से मंगलवार को सदर थाना क्षेत्र के महुआ टोल के आगे हथियारों की खरीद फरोख्त की जानकारी हासिल हुई। सूचना पर एजीटीएफ ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर दादर गांव के पास खड़े दोनों युवकों एजाज अहमद और साहिल खान को दबोच लिया। आरोपी वहां किसी को हथियार बेचने की फिराक में खड़े थे। तलाशी में दोनों के पास अवैध हथियार और कारतूस मिले। हथियारों को जब्त कर टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**अलर्ट:** युवा वर्ग को घेर रही बड़ी उम्र की बीमारी, बढ़ रहे 'मूवमेंट डिसऑर्डर्स'


# समय पर लक्षणों को पहचान लें तो संभव होगा पूरा इलाज

**बेधड़क** | जयपुर

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में युवाओं को फिटनेस पर फोकस करने का संदेश दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। स्वस्थ युवा ही देश के विकास में ज्यादा भागीदारी निभा सकते हैं। ऐसे में हमारे युवा वर्ग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सेहत संबंधी समस्याओं को बढ़ने से पहले ही रोकथाम के उपाय पर ध्यान दें।

आजकल युवाओं में "मूवमेंट डिसऑर्डर्स" या गतिविधि विकार शरीर जैसी तकलीफें समय से पहले ही देखने को मिल रही हैं। ये वो प्रॉब्लम्स हैं जिनमें शरीर के किसी भी हिस्से में जरूरत से अधिक या कम हरकत होने लगती हैं।

इन समस्याओं का संबंध न्यूरो से है। इन बीमारियों में हाथों में कम्पन, आंखों का बार- बार बंद होना, चेहरे का एक तरफ़ फड़कना, जबड़े का हिलना, हाथों पैरों में जकड़न व टेढ़ापन, लिखने की असमर्थता, गर्दन का अनैच्छिक मुड़ाव, और लकवे के बाद शरीर की एकतरफा जकड़न शामिल हैं।





**बड़ी उम्र की परेशानियां कम उम्र में सता रहीं**


## आसान है उपचार

ऐसी कुछ बीमारियों में एक विशेष मशीन से बोटॉक्स इंजेक्शन लगाया जाता है जिससे रोगियों को ऐसी पीड़ादायी तकलीफ में काफी लाभ मिलता है। इंजेक्शन का असर आने के बाद सालों से परेशान मूवमेंट डिसऑर्डर्स के मरीजों में भी आश्चर्यजनक रूप से सुधार देखा जा सकता है। इसके अलावा बोटॉक्स का उपयोग माइग्रेन के सरदर्द, जुबान के टेढ़ेपन, और आवाज की लड़खड़ाहट में भी किया जाता है। युवाओं और खासकर महिलाओं में रात में होने वाली पैरों की बेचैनी (रेस्टलेस लेग सिंड्रोम) भी काफी आम है , जिसमे पैरों को दबाने या बांधने या पटकने तक की स्थिति देखी जाती है। उम्मीद की किरण जगी पार्किंसंस के रोगियों के लिए इसके अलावा शरीर में जकड़न, चलने फिरने में धीमापन, कम्पन एवं असंतुलन से शारीरिक असमर्थता करने वाली "पार्किंसंस" रोग भी कभी-कभी 50 वर्ष से पहले के युवाओं और मध्यवर्गीय आयु के लोगों को चपेट में ले सकता है। इन रोगियों के लिए दवाओं के अलावा "डीप ब्रेन स्टिमुलेशन" (डी बी एस) सर्जरी एक उम्मीद की किरण जगा सकती है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर और जसलोक हॉस्पिटल मुंबई से विशेष प्रशिक्षण लेकर न्यूरोलॉजिस्ट एवं मूवमेंट डिसऑर्डर्स विशेषज्ञ डॉ. वैभव माथुर प्रदेश के रोगियों को अब इस आधुनिकतम तकनीक की सेवाएं देंगे।

कुछ सालों पहले ऐसे लक्षण 60 की उम्र के बाद में देखने में आते थे, पिछले एक दशक में यंग मूवमेंट डिसऑर्डर्स रोगी काफी बढ़े हैं। प्रदेश के प्रथम मूवमेंट डिसऑर्डर्स न्यूरोलॉजिस्ट ड़ॉ वैभव माथुर ने बताया कि उम्र के अनुसार ये रोग अलग-अलग प्रारूप में होते हैं। वे कहते हैं, 20 वर्ष से कम आयु में लिखने की असमर्थता, हाथ पैरों का टेढ़ापन, और संतुलन की गड़बड़ी वाले मूवमेंट डिसऑर्डर्स ज्यादा होते हैं , ऐसे में सी.पी.(सेरिब्रल पाल्सी), और जेनेटिक रोगों ( डिस्टोनिआ, विल्सन डिजीज, आदि) से पीड़ित बच्चे शिकार होते है। वहीं युवा वर्ग में हाथों में हल्के कम्पन, लिखने में दिक्कत और गर्दन, हाथ या पैर में जकड़न या मुड़ाव अमूमम देखने को मिलती है।

## Yuva स्टोरीज

# IIS की 5 छात्राओं का 67वीं नेशनल स्कूल टीम में चयन



**बेधड़क** | जयपुर

67वीं नेशनल स्कूल चैंपियनशिप में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल (आईआईएस), मानसरोवर की छात्राओं का राजस्थान टीम में चयन हुआ है। स्कूल प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने बताया कि का अंडर 19 में चार बालिकाओं निकिता मनचंदा और हर्षिता पूनियां फुटबॉल, सिपिका सक्सेना शूटिंग और दीपल ओझा का टेबल टेनिस में चयन हुआ है। अंडर 14 में देशना जैन का बैडमिंटन में चयन हुआ। स्कूल



प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने चयनित बालिकाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह संस्थान के लिए गौरव की बात है कि उनके स्कूल से 5 छात्राओं का 67वीं नेशनल स्कूल टीम में चयन हुआ।

# ओवरसीज एजुकेशन पर साझा की जानकारी



**बेधड़क.जयपुर।** जगन्नाथ विश्वविद्यालय के इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेल की ओर से यूनिवर्सिटी परिसर स्थित ऑडिटोरियम में ओवरसीज एजुकेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडुकेंडर ओवरसीज एजुकेशन के डायरेक्टर शांतनु सिंह शेखावत थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेखावत ने विदेश में उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों के सवालों का जवाब दिए और इस मार्ग में आने वाली समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की। शेखावत ने विदेशा के शीर्ष विश्वविद्यालयों में नामांकन पर अपना ज्ञान साझा किया। उन्होंने इन विश्वविद्यालयों में अध्ययन के योग्य बनने के लिए प्रोफ़ाइल निर्माण, अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने जैसी कुछ बुनियादी बातों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्रों ने उनके साथ खुलकर संवाद भी किया। जिससे ये सत्र काफी मनोरंजक और इंट्रेक्टिव भी बन गया।

## क्विट कटिंग के कारण बढ़ रहा तनाव

# जॉबलैस हो रहे युवा... नौकरियों पर आया संकट

**बेधड़क** | जयपुर

इस समय दुनियाभर में क्विट कटिंग का कल्चर तेजी से अडॉप्ट किया जा रहा है। बढ़ते तनाव और काम के दबाव की वजह से दुनियाभर के युवा नौकरियां छोड़ रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार दुनियाभर में 32 फीसदी युवा बढ़ती हुई महंगाई से परेशान हैं। इस कारण अकेले अमेरिका में 20 लाख लोगों ने अपनी नौकरियां छोड़ दीं।



### दफ्तर का माहौल दे रहा डिप्रेशन

ऐसे कई जॉब छोड़ने वाले युवाओं का मानना है कि दफ्तर में उनके मुताबिक माहौल नहीं है और काम का प्रेशर अधिक रहता है। जिसके कारण इंसान डिप्रेशन में चला जाता है। उनका कहना है कि काम का लोड इतना अधिक दे दिया जाता है कि वे काम और परिवारिक का संतुलन नहीं बना पाते हैं। इस वजह से पारिवारिक रिश्ते भी खराब हो रहे हैं। क्विट कटिंग कल्चर को समर्थन देने की बात पर इनका मानना है कि हमें उतना ही काम करने की जरुरत है, जितनी हमारी सैलरी है। क्विट कटिंग के ट्रेंड में लोग अपने तय समय जितना ही काम करते हैं चाहे इससे बॉस की नाराजगी ही क्यों ना झेलनी पडे। वे तय समय पर काम करके ऑफिस से निकल जाना चाहते हैं, और इस वजह से नौकरी छोड़ने की जरूरत आन पड़े तो वे इसके लिए भी तैयार हैं और जरा भी झिझकते नहीं हैं।

### काम का तनाव नहीं हो रहा हैंडल

कई प्रोफेशनल्स कहते हैं कि काम आजकल इतना अधिक हो गया है कि घर पर जाने के बाद भी काम का लोड बना रहता है। दफ्तर के बाद भी घर जाकर काम करना पड़ता है। इस वजह से परिवार या अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। पैसा अच्छा होने के बावजूद भी परिवार के साथ छुट्टी पर चले जाना संभव नहीं हो पाता है।

### पर्सनल लाइफ को दें तवज्जो

बताया जा रहा है कि जितनी आपकी सैलरी है उतना ही कंपनी को समय देने की जरुरत है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि सबसे पहली बात है कि आपकी सैलरी कम है अगर उसके मुताबिक आप 8 घंटे के बजाय 12 से 16 घंटे काम कर रहे हैं तो आप अपनी पर्सनल लाइफ खत्म कर रहे हैं। इसके अलावा ऑफिस में चाहे जितना भी हो काम हो आप अपने समय के मुताबिक काम खत्म करें। अगर काम पूरा नहीं होता है और आपकी छुट्टी की समय हो जाती है तो आप अपने घर निकल जाएं, वो काम कल होगा। कर्मचारियों को इस बात की परवाह नहीं होनी चाहिए कि उनके बॉस इस बात से खुश होंगे या नाराज।

### बीस लाख लोगों ने छोड़ दी नौकरियां

इस ट्रेंड के बाद अमेरिका में 20 लाख लोगों ने अपनी नौकरियां छोड़ दी। वहीं ब्रिटेन में लगभग 20 फ़ीसदी से अधिक कर्मचारी अगले साल नौकरी छोड़ना चाहते हैं। जो लोग फिलहाल नौकरी कर रहे हैं वो अब अपने बॉस इसको ना कहने की आदत डाल चुके हैं। ब्रिटेन में लोग समय से काम कर रहे हैं। कुछ युवा बताते हैं कि इस कल्चर से लोगों को ना कहने की हिम्मत मिली है। इसका असर अमेरिका और ब्रिटेन में काफी देखने को मिल रहा है।





### कम कमाई, ज्यादा खर्च से समस्या

एक अध्यन में पाया गया कि 32 फीसदी युवा बढ़ती हुई महंगाई से परेशान है। खासतौर पर ट्रांसपोर्ट और घरेलू सामानों के दाम आसमान छू रहे है। ये अध्यन 46 देशों के 23 हजार युवाओं पर किया गया। वही 47 प्रतिशत युवाओं का कहना है कि जितनी सैलरी है उतना ही खर्च है। जिसके वजह से डर लगता है कि अगर कल कुछ हो जाए तो हमारे पास सेविंग भी नहीं होती। ऐसे परिस्थिति में सड़क पर आ जाएंगे। इसी अध्यन में पाया गया कि युवा इन सभी कारणों से डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं।

## मानवाधिकार की मिलेगी ट्रेनिंग

# विधि छात्रों के लिए इंटर्नशिप की शुरुआत



**बेधड़क** | जयपुर

राजथान राज्य मानवाधिकार आयोग की ओर से शीतकालीन राज्य स्तरीय इंटर्नशिप कार्यक्रम मंगलवार को कानोड़िया कॉलेज में शुरू हुआ। आयोग अध्यक्ष न्यायाधिपति गोपाल कृष्ण व्यास एवं सदस्य न्याधिपति रामचन्द्र सिंह झाला ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

आयोग अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुष्मिता विश्वास ने बताया इस इंटर्नशिप कार्यक्रम में करीब दो सौ विधि विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम 23 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधि विशेषज्ञों के द्वारा इंटर्नशिप करने वाले विधि विद्यार्थियों को मानव अधिकारों की सुरक्षा के उपचारों की विधिक जानकारी दी जाएगी। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आयोग अध्यक्ष ने कहा कि देश आजाद हुआ तब देश की जनसंख्या पैंतीस करोड़ थी लेकिन आज 140 करोड़ हो गई है। हमारे देश के संविधान में नागरिकों को मूल अधिकार प्रदान किए गए हैं जिसमें समानता, स्वतंत्रता, जीने का अधिकार एवं धार्मिक अधिकार प्रदान प्रदान किए गए हैं। विश्व में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए भारत ने परचम फैलाया है। राज्य आयोग भी सक्रियता से कार्यवाही कर राज्य में मानवाधिकारों की सुरक्षा त्वरित गति से कर रहा है।

### पहले दिन बताई परिवाद की प्रक्रिया

आयोग के सदस्य न्यायाधिपति झाला ने कहा कि हमारे देश मे मानव अधिकारों की रक्षा के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं। पीड़ित को सहायता देने के लिए प्रतिकर नीति बनाई गई है जिससे मानवाधिकारों की सुरक्षा त्वरित गति से की जाती है। कार्यक्रम की शुरूआत में आयोग सचिव सीमा शर्मा ने रूप रेखा पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में आयोग के रजिस्ट्रार शैलेन्द्र व्यास ने आयोग में परिवाद प्रस्तुत करने तथा प्रक्रिया संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में कानोडिया कॉलेज की लेक्चरर वृतिका शर्मा एवं संजुला थानवी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सक्रिय भूमिका निभाई ।

# 250फैकल्टीज ने सीखीं अनुसंधान की बारीकियां

**बेधड़क.जयपुर।** निम्स यूनिवर्सिटी और आईओएसी के संयुक्त तत्वावधान में निम्स में मंगलवार को पांच दिवसीय फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम में व्यावहारिक अनुसंधान की बारीकियां, क्रेडिट आधारित सिस्टम और सीओपीओ मैपिंग की बारीकियों पर आधारित था। इस आयोजन में लगभग 250



फैकल्टीज ने भाग लिया और आने वाले दिनों की ट्रेंडिंग पद्धतियों को अपने कौशल में शामिल करने की दक्षता हासिल की।

# माया ने जीता इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स हेमर थ्रो में ब्रॉन्ज

**बेधड़क** | उदयपुर

भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की एथलीट माया कुमारी शिक्षा संकाय ने कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में हेमर थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस गौरव के लिए संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ और स्पोर्ट्स



बोर्ड चेयरमैन डॉ आर एस शक्तावत ने माया कुमारी और प्रशिक्षण टीम को बधाई प्रेषित की और बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

**नई पहल** | सीबीएसई मनोवैज्ञानिक परामर्श कार्यक्रम का पहला चरण शुरू

# स्टूडेंट्स का एग्जाम स्ट्रेस दूर करेंगे काउंसलर्स

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 10वीं व 12वीं की परीक्षा देने जा रहे स्टूडेंट्स को परीक्षा के तनाव से बचाने के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श का पहला चरण सोमवार को शुरू हुआ। इसके तहत स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक परीक्षा के तनाव से निपटने से लेकर परीक्षा से संबंधित अन्य बिंदुओं पर बोर्ड के एक्सपर्ट सलाहकारों से बात कर पाएंगे। सीबीएसई की इस पहल का उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को परीक्षा के तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए टूल्स और टैक्नीक्स से लैस करना है। गौरतलब है कि सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। प्रायोगिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो चुकी हैं। दरअसल, बोर्ड की ओर से यह मनोवैज्ञानिक परामर्श कार्यक्रम दो चरणों में चलाया जाता है। सीबीएसई इस कार्यक्रम का संचालन वर्ष 1998 से कर रहा है। इसके साथ ही बोर्ड वर्षों से यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भी स्टूडेंट्स से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

सीबीएसई अधिकारियों के मुताबिक काउंसलिंग के दौरान युवा अनुभवों, आक्रामकता, अवसाद, इंटरनेट की लत, परीक्षा तनाव, सीखने की अक्षमताओं, मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों और उनसे निपटने के लिए जीवन कौशल जैसे विभिन्न विषयों पर मल्टीमीडिया सामग्री को भी देखा और सुना जा सकता है।

शैक्षणिक तैयारी के साथ-साथ मानसिक कल्याण को प्राथमिकता देकर, सीबीएसई का परीक्षा पूर्व परामर्श कार्यक्रम छात्रों को अधिक आत्मविश्वास और लचीलेपन के साथ अपनी परीक्षा देने की सुविधा देता है। यह दृष्टिकोण सीबीएसई को छात्र-केंद्रित शिक्षा में अग्रणी बनाता है।



## इन माध्यमों से मिलेगी काउंसलिंग

### आईवीआरएस

इस परामर्श कार्यक्रम के तहत छात्रों और अभिभावकों को बोर्ड के टोल-फ्री नंबर 1800-11-8004 पर कॉल करके चौबीस घंटे आईवीआरएस सुविधाओं तक मुफ्त पहुंच प्राप्त होगी। यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों में सीबीएसई कार्यालयों के लिए मुख्य संपर्क विवरण, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू), तनाव मुक्त परीक्षा तैयारी टैक्नीक्स और समय व तनाव प्रबंधन तक पहुंच प्रदान करता है।

### पॉडकास्ट

परीक्षा की तैयारी और तनाव प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारीपूर्ण और आकर्षक द्विभाषी पॉडकास्ट सीबीएसई की वेबसाइट cbse.gov.in पर उपलब्ध है।

### टेली-काउंसलिंग

65 प्रशिक्षित परामर्शदाताओं, विशेष शिक्षकों और सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल्स द्वारा टेली-काउंसलिंग सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यह सेवा भारत के बाहर भी फैली हुई है जिसमें कुवैत, नेपाल, जापान और मध्य पूर्व में परामर्शदाता उपलब्ध हैं।

# 'नीचा नगर' के जरिए रखी यथार्थवादी फिल्मों की नींव




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार


## निर्देशक चेतन आनंद के जन्मदिवस पर विशेष



> साल 1965 में भारत सरकार ने 'हक़ीक़त' को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाज़ा। भारतीय फिल्म इतिहास में आज भी 'हक़ीक़त' एक मील का पत्थर फिल्म मानी जाती है।

हिंदी सिनेमा में चेतन आनंद की एक अलग पहचान है। देश की पहली सामाजिक यथार्थवादी फ़िल्म 'नीचा नगर' न सिर्फ उन्होंने निर्देशित की, बल्कि उनकी इस फिल्म को विदेशी फिल्म समारोह में सम्मानित भी किया गया। चेतन आनंद, निर्माता-निर्देशक और पटकथा लेखक थे। उन्होंने कई देशी-विदेशी साहित्यिक कृतियों 'अफसर' (निकोलाई गोगोल), 'आखिरी खत' (ख्वाजा अहमद अब्बास), 'हीर-रांझा' ('पंजाबी लोककथा'-वारिस शाह), 'नीचा नगर' ('लोअर डेप्थ'-मेक्सिम गोर्की) को सेल्युलाइड के पर्दे पर उतारा। 3 जनवरी, 1921 को गुरदासपुर (पंजाब) में जन्मे चेतन आनंद की आला तालीम लंदन में में हुई। अपनी तालीम मुकम्मल करने के बाद, चेतन आनंद थोड़े से अरसे तक बीबीसी से जुड़े रहे, तो उन्होंने दून स्कूल देहरादून के लिए भी काम किया। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी में भी सरगर्म रहे। हालांकि, उनकी मंज़िल-ए-मक़सूद कुछ और ही थी। लिहाजा बीती सदी के चालीस के दशक में अपने भाइयों देव आनंद और विजय आनंद के साथ चेतन आनंद मुंबई पहुंच गए। फिल्मों में वह अपना कॅरिअर तलाशने लगे। अपनी पहली फिल्म के लिए उन्हें ज़्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। डायरेक्टर फणी मजूमदार के लिए उन्होंने फिल्म 'अशोका' की स्क्रिप्ट लिखी, तो साल 1944 में मजूमदार के ही निर्देशन में फिल्म 'राजकुमार' में उन्होंने पहली बार हीरो के तौर पर फिल्मी दुनिया में कदम रखा।

चेतन आनंद को अदाकारी से ज्यादा फिल्म डायरेक्शन पसंद था। लिहाजा साल 1949 में उन्होंने अपने छोटे भाई देव आनंद के साथ 'नवकेतन फिल्मस' की स्थापना की। और इस बैनर पर उनकी पहली फिल्म 'अफसर' (साल-1950) थी। जिसमें प्रमुख भूमिकाएं देव आनंद और सुरैया ने निभाई थी। वहीं इस फिल्म की पटकथा से लेकर उसका निर्देशन चेतन आनंद का था। प्रसिद्ध कवि-गीतकार पंडित नरेन्द्र शर्मा ने गीत लिखे, तो एसडी बर्मन ने इसका संगीत तैयार किया। उस ज़माने में इस फिल्म के गीत खूब मक़बूल हुए।

'अफसर' बॉक्स ऑफिस पर उतना, तो कामयाब नहीं हुई, जितनी कि उससे उम्मीद थी। लेकिन इस फिल्म ने चेतन आनंद और देव आनंद दोनों ही के पैर फिल्मी दुनिया में जमा दिए। चेतन आनंद ने आगे चलकर 'नवकेतन फिल्म्स' के बैनर पर कई मनोरंजक और सामाजिक संदेश देने वाली फिल्में मसलन 'आंधियां', 'टैक्सी ड्राइवर' और 'फंटूश' बनाई। देव आनंद के अलावा चेतन आनंद ने राजेश खन्ना को फिल्मों में सबसे पहले लॉन्च किया। 'आखिरी खत' राजेश खन्ना की पहली फिल्म थी, जिसे चेतन आनंद ने ही डायरेक्ट किया था। आगे चलकर देव आनंद और राजेश खन्ना दोनों ही हिंदी फिल्मों के बड़े सुपर स्टार बने। चेतन आनंद और देव आनंद इप्टा की स्थापना से ही इससे जुड़ गए थे। जिसमें उस वक्त चेतन आनंद बेहद सक्रिय थे। मुंबई में होने वाली इप्टा की बैठकों में वह नियमित शिरकत करते थे। संगठन ने जब रंगमंच के अलावा फिल्मों के जरिए भी हस्तक्षेप करने का इरादा किया, तो इस काम के लिए ख्वाजा अहमद अब्बास के अलावा चेतन आनंद आगे आए। अब्बास ने बंगाल के अकाल पर केन्द्रित फिल्म 'धरती के लाल' के निर्देशन का जिम्मा संभाला, तो चेतन आनंद ने 'नीचा नगर' की बागडोर अपने कंधों पर ली।

'धरती के लाल' का निर्माण जहां इप्टा ने किया, तो 'नीचा नगर' इंडिया पिक्चर्स के बैनर तले बनी। जिसमें ज्यादातर कलाकार इप्टा से ही थे। यहां तक कि दोनों फिल्मों का संगीत निर्देशन पंडित रविशंकर ने दिया। 'धरती के लाल', अली सरदार जाफरी, प्रेम धवन, वामिक जौनपुरी और नेमिचंद जैन के गीतों से सजी थी, तो 'नीचा नगर' के गीत विश्वामित्र आदिल ने लिखे। जो खुद प्रगतिशील लेखक संघ से जुड़े हुए थे। अलग-अलग समय में शुरू हुईं, ये दोनों ही फिल्में एक साथ रिलीज हुईं और वह साल था, 1946 यानी आजादी से ठीक एक साल पहले। 'नीचा नगर' को पर्दे तक पहुंचाना चेतन आनंद के लिए आसान नहीं रहा, इसके लिए उनको काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। 'नीचा नगर' की यथार्थवादी कहानी और उसका क्लाइमेक्स देखकर, फिल्म के निवेशक ने इसके प्रदर्शन से इनकार कर दिया था। चेतन आनंद ने अपने दोस्त अफसाना निगार हयातुउल्लाह अंसारी के मार्फत इसकी खबर पंडित जवाहरलाल नेहरू तक पहुंचाई। नेहरू के हस्तक्षेप के बाद, फिल्म आख़िरकार रिलीज हुई। 'नीचा नगर', हयातुउल्लाह अंसारी की कहानी पर बनी थी, जो रूस और दुनिया के अज़ीम-तरीन अदीब मेक्सिम गोर्की की कहानी 'द लोअर डेप्थ' पर आधारित थी। हयातुउल्लाह अंसारी और ख्वाजा अहमद अब्बास दोनों ने मिलकर, इस कहानी पर एक शानदार पटकथा लिखी। इसमें अमीर वर्ग और गरीब तबके की ज़िंदगी और उनके बीच के फासले को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया गया था। सामंत वर्ग किस तरह से गरीबों का शोषण और उनके ऊपर अत्याचार करता है, फिल्म का केन्द्रीय विषय है। अमीर वर्ग की नजर में गरीबों की ज़िंदगी का कोई मोल नहीं। वे उनको बड़ी हिकारत से देखते हैं। यहां तक कि उन्हें उनकी बुनियादी जरूरतों से भी कोई सरोकार नहीं। अपने सुख-सुविधाओं और फायदे के लिए वे किसी भी स्तर पर उतर आते हैं।

बहरहाल, 'धरती के लाल' की तरह 'नीचा नगर' ने भी बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखाया, लेकिन देश-विदेश के तमाम फिल्म समारोह में इसको खूब तारीफ मिली।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## भारत के अन्य धर्मों में भी श्रीराम सर्वत्र पूजित

# वेद अर्थात् ज्ञानयुक्त सभी सम्प्रदाय व पंथ




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> भारत में वैदिक धर्म, सनातन धर्म (शैव संप्रदाय, वैष्णव संप्रदाय, शाक्त सम्प्रदाय), जैन, बौद्ध, सिख आदि धर्मों का उदय समय- समय पर हुआ। समय के साथ ये सम्पूर्ण विश्व में फैल गए। विभेदक जन प्रायः इन सभी को बहु-सांप्रदायिक धर्म मानते हैं। इन सभी धर्मों की मूल मान्यताओं, कर्मकांडों में उनकी समान उपस्थिति और कुछ पारस्परिक प्रभाव के कारण इनमें कई समानताएं हैं।



वेद का शाब्दिक अर्थ ज्ञान है और सृष्टि के आरम्भिक काल में सभी मानव सनातन वैदिक धर्म पद्धति पर ही आलम्बित थे अर्थात परमेश्वरोक्त ग्रन्थ वेद में कहे अनुसार ही चलते थे। आदिकाल से ही शाश्वत्त रूप से चली आ रही इस सनातन वैदिक धर्म का ही सत्प्रभाव है कि भारत के वैदिक धर्म में से धर्म के जितने संप्रदाय, पंथ अथवा मजहब निकले अर्थात जन्म, उत्पन्न हुए, उन्होंने आज भी स्वयं को वेद के शाब्दिक अर्थ ज्ञान से सम्बद्ध रखा है और अपने आपको किसी न किसी प्रकार से ज्ञान से बांधे हुए रखा हुआ है। भारतीय ज्ञान-विज्ञान से संयुक्त रखा है। जैन धर्म का मूल जैन शब्द ज्ञान का ही अपभ्रंश रूप है अर्थात ज्ञान से ही बिगड़कर बना है। ध्यातव्य है कि संस्कृत में ज्ञान शब्द ज्यांन बोला जाता है, संस्कृत के जानकार विद्वान उसे ग्यान नहीं बोलते। ज्यांन और जैन में अत्यंत समरूपता को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इसी ज्यांन से जैन शब्द बना है। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में बोध अर्थात ज्ञान से ही बौद्ध शब्द बना है, और फिर बुद्ध। बोधगया नामक स्थान में प्रयुक्त शब्द बोध यह स्पष्ट करता है कि यहीं पर अहिंसा के गुण गाने वाले महात्मा बुद्ध को बोध प्राप्त हो गया था। स्पष्ट है कि इसीलिए इस स्थान का नाम बोधगया रखा गया।

इससे यह भी स्पष्ट ही है कि बोध अर्थात महात्मा बुद्ध को इस स्थान पर ज्ञान हुआ था, और ज्ञान होते ही उन्होंने अपने धर्म का नाम भी ज्ञान के समानार्थक बौद्ध ही रखा। इसी प्रकार पंजाब में ज्ञान से ही सिक्ख अर्थात शिष्य धर्म की उत्पत्ति हुई है। शिष्य और ज्ञान का परस्पर अन्योन्याश्रित संबंध है। ज्ञान की देवी की पूजा करना और ज्ञानार्जन कर संसार का उपकार करना प्राचीन काल से ही भारतीय संस्कृति का मौलिक उद्देश्य रहा है। यही कारण रहा कि हमारे सभी प्राचीन भारतीय शासक ज्ञान के उपासक रहे। उल्लेखनीय है कि ॐ का नाद, स्वस्तिक प्रतीक आदि इन सभी भारतीय धर्मों के लिए आम है। भारतीय धर्म अर्थात भारतीय उपमहाद्वीप में उत्पन्न हुए सभी धर्म सनातन वैदिक धर्म के सिद्धान्त पर आधारित हैं, और विश्व के कई धर्मों के मूल हैं। भारत की इस आध्यात्मिक भूमि ने कई धर्मों को जन्म दिया है। भारत में वैदिक धर्म, सनातन धर्म, (शैव संप्रदाय, वैष्णव संप्रदाय, शाक्त संप्रदाय), जैन, बौद्ध, सिख आदि धर्मों का उदय समय- समय पर हुआ। समय के साथ ये सम्पूर्ण विश्व में फैल गए। विभेदक जन प्रायः इन सभी को बहु-सांप्रदायिक धर्म मानते हैं। इन सभी धर्मों की मूल मान्यताओं, कर्मकांडों में उनकी समान उपस्थिति और कुछ पारस्परिक प्रभाव के कारण इनमें कई समानताएं हैं। वर्तमान में इन सभी को कई धर्मों और संप्रदायों का धर्म मानते हुए भी इन सभी को समन्वित रूप से हिन्दू कहा जाता है और वैदिक धर्म की आदि सनातनता को भूलकर वैदिक धर्म से निकले इन सभी धर्मों के उपसमूह को पूर्वी धर्मों अर्थात पूर्वोत्तर धर्म के रूप में व्याख्यायित व वर्गीकृत किया गया है। यद्यपि सभी भारतीय धर्म ऐतिहासिक रूप से भारत के इतिहास से जुड़े रहे हैं, किन्तु उनके अनुयायी एक विस्तृत पृष्ठभूमि वाले लोग हैं और ये वर्तमान समय में भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि संसार में सर्वत्र फैल गए हैं।

इनके अनुयायियों की विचारधाराओं, प्रक्षेप और सामाजिक सामंजस्य, समान संस्कृति के कारण इनके मान्यताओं को व्यापक हिन्दू धर्म के उपखंड या उपजातियों में माना जाता है। जबकि मंदिर, मठ, पूजा स्थल, त्योहार इन सभी धर्मों के लिए सामान्य हैं। परंतु राजनीतिक कुचक्र में फंसे अपनी गौरवमयी ऐतिहासिकता को भूल ये सभी धर्म जाति व्यवस्था का पालन करते हैं। हिन्दू को शैव, वैष्णव और शाक्त के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। बौद्ध धर्म को हीनयान और महायान के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

संसार के सर्वाधिक प्राचीन सनातन वैदिक धर्मावलम्बी हिंदुओं की जनसंख्या वर्तमान में सौ करोड़ से भी अधिक है। यह भारत, नेपाल और बाली द्वीप समूह में बहुसंख्यक धर्म है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में हिन्दू भूटान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, म्यांमार, कैरेबियन, मलेशिया, सिंगापुर और श्रीलंका आदि देशों में निवास करते हैं। भारत में उत्पन्न जैन धर्म पर भारत की राजनीतिक, आर्थिक और नैतिक विशेषताओं का बड़ा महत्वपूर्ण प्रभाव आज भी स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। भारतीय धर्मों में सबसे अधिक शिक्षित जैनी माने जाते हैं।

दुनिया का चौथा और एशिया का तीसरा सबसे बड़ा बौद्ध धर्म की शुरुआत सिद्धार्थ गौतम ने की थी। 12 प्रतिशत एशियाई आबादी इसका पालन करती है। यह भूटान, बर्मा, कंबोडिया, थाईलैंड, श्रीलंका, तिब्बत और मंगोलिया में प्रमुख धर्म है। चीन, ताइवान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और वियतनाम में बड़ी संख्या में बौद्ध रहते हैं। 1500 के दशक में गुरुनानक द्वारा निर्मित धर्म सिख दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा धर्म है। लगभग तीन करोड़ लोग इस धर्म को मानते हैं। यह पंजाब क्षेत्र में भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी भाग में मूल रूप से निवास करने वाले हैं। सिख नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है छात्र अर्थात सिख। यह भारत का चौथा सबसे बड़ा धर्म है और भारतीय आबादी का प्रतिशत इसके अनुयायी हैं। ये बर्मा, मलेशिया, फिलीपींस, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सिंगापुर और इंडोनेशिया में भी रहते हैं। इसके आतिरिक्त भी भारत में शाकाहार या लिंगायत से उत्पन्न शाकाहारी संप्रदाय, आर्य समाज आदि दर्जनों संप्रदायों की उपस्थिति है, जिनमें वैदिक, पौराणिक ग्रंथों, रामायण, महाभारत आदि महाकाव्यों के दर्शन समान रूप में प्रदर्शित होते हैं। दक्षिण, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशियाई संस्कृति में ये ग्रंथ व महाकाव्य महत्वपूर्ण प्रभावशाली स्थान रखते हैं।

दिवाली, होली, दशहरा आदि पर्व इन भारतीय धर्मों के बीच महत्वपूर्ण त्योहार के रूप में हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख धर्म के समन्वित महत्वपूर्ण दर्शन साझा करते हैं, जिनकी अलग-अलग समूहों और व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग व्याख्या की जाती है। इन भारतीय धर्मों के अनुयायी स्वयं को एक-दूसरे का विरोध करने वाला नहीं बताते, बल्कि स्वयं को एक ही विस्तारित सांस्कृतिक परिवार के सदस्य मानते हैं। पुण्य, कर्तव्य, न्याय, आध्यात्मिकता आदि धर्म की मुख्य अवधारणाओं से जुड़े इन धर्मों को भारतीय धर्म कहा जाता है। हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख सभी मोक्ष व पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति की अवधारणा को मानने वाले हैं। इनमें धार्मिक संस्कार व अनुष्ठान में सामान्य विशेषताएं भी पाई जा सकती हैं। सिखों को छोड़ हिन्दू, बौद्ध, जैन तीनों के परंपराओं में में सिर अभिषेक समारोह महत्वपूर्ण माना जाता है। अन्य उल्लेखनीय संस्कारों में मृतकों का दाह संस्कार, विवाह समारोह और विभिन्न विवाह समारोह शामिल हैं। चार परंपराओं में कर्म, धर्म, संसार, मोक्ष और विभिन्न प्रकार के योग की अवधारणाएं शामिल हैं। इन सभी धर्मों में दशरथ पुत्र श्रीराम एक मर्यादा पुरुषोत्तम और वीर व्यक्ति के रूप मे प्रतिष्ठित हैं। हिन्दू धर्म में एक स्वदेशी राजा के रूप में भगवान अवतरित, बौद्ध धर्म में एक बोधिसत्व-अवतार, जैन धर्म के धर्म आदर्श व्यक्ति के रूप में पूज्य हैं। इसी तरह अन्य भारतीय धर्मों में भी श्रीराम सर्वत्र पूजित हैं, जय-जयकारित हैं। तो बोलो श्रीराम चन्द्र की जय।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# वॉट्सएप यूनिवर्सिटी की प्रोडक्टिविटी




सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार


वॉट्सएप यूनिवर्सिटी खुली है। नया साल आने को है। अब नये साल पर बधाई मैसेजेस धड़ाधड़ इधर से उधर और उधर से इधर पटके जायेंगे। नये साल पर मैसेजेस को धड़ाधड़ उठाना पटकना एक बड़ा श्रम का काम है। बड़ा श्रम का काम इसलिए कि एक मैसेज को पांच से अधिक लोगों को एक साथ शेयर नहीं किया जा सकता। धनीराम जी मैसेजेस पटकने के काम में सुबह से लगे हैं। बड़ी मेहनत कर रहे हैं। देश लगातार प्रोडक्टिविटी की ओर बढ़ रहा है। विकास पर विकास हो रहा है। देश में इतना विकास पहले कभी नहीं हुआ। न कभी किसी ने ऐसा विकास देखा,सुना। अब विकास की कहानी सुनिए।

मोबाइल पर लगातार आंखें फोड़ी जा रही है। रोज नए हॉस्पिटल खुल रहे हैं। डाक्टर्स को काम पर काम मिल रहा है। आंखों के मरीज मिल रहे हैं। तनाव, अवसाद के मरीजों की कोई कमी नहीं है। डाक्टर्स, नर्सेज, वार्ड ब्वाय सभी अत्यंत व्यस्त हैं। मेडिकल की दुकानों में भी इजाफा हो गया है। बहुत से लोगों को मेडिकल की दुकानों पर काम मिल गया है। बेरोजगारी में अभूतपूर्व कमी आई है। अब पकौड़े तलने की जरूरत नहीं रही। मैसेज भेजकर लोगों के दिमाग तले जा रहे हैं। तेल का खर्च भी बच रहा है। महंगाई के इस जमाने में तलने के लिए तेल की जरूरत नहीं, मैसेज भेजने की जरूरत है। वॉट्सएप यूनिवर्सिटी में मैसेज भेजने (दिमाग तलने से) से वॉट्सएप यूनिवर्सिटी का अच्छा भला काम चल रहा है। देश में मैसेज चैंपियन बन रहे हैं। जो सबसे ज्यादा मैसेज भेजने में सक्षम हो रहे हैं, वे वॉट्सएप यूनिवर्सिटी के गोल्ड मेडल धारी हैं। वॉट्सएप यूनिवर्सिटी द्वारा इन गोल्ड मेडलधारियों का सम्मान किया जा रहा है, क्यों कि इन्हीं गोल्ड मेडलधारियों से यूनिवर्सिटी का धंधा ठीक-ठाक चल रहा है। देश में मैसेज वीर और मैसेज प्रोफेसर पैदा हो रहे हैं। यही तो असली प्रोडक्टिविटी है। मैसेज वीरों को युद्धक परिस्थितियों में कहीं भी तैनात किया जा सकता है। इजराइल हमास, रूस यूक्रेन लगातार इन वीरों के संपर्क में हैं। प्रोफेसर सिर्फ वॉट्सएप यूनिवर्सिटी में ही तैनात किए जा रहे हैं। अब वॉट्सएप यूनिवर्सिटी के नए कार्यालय खुल चुके हैं। एडमिन को वरीयता दी जा रही है। यह व्यंग्यकार भी वॉट्सएप यूनिवर्सिटी के लगातार संपर्क में हैं, क्योंकि देश-दुनिया में सिर्फ वॉट्सएप यूनिवर्सिटी ही बेरोजगारी दूर कर रही है। अन्य जगहों पर वैकेंसी का नितांत अभाव है। इस व्यंग्यकार को पूरी उम्मीद है कि अनुभव के आधार पर उसे वॉट्सएप यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर का पद तक मिल सकता है। नए साल में इससे बेहतर तोहफा भला और क्या हो सकता है।


## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
बिना प्रभावित वर्ग से चर्चा और बिना विपक्ष से संवाद के कानून बनाने की ज़िद लोकतंत्र की आत्मा पर निरंतर प्रहार है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
बीइंग ह्यूमन हमें चुनौतियों से पार पाने की असाधारण क्षमता प्रदान करता है। आइए हम इस शक्ति का उपयोग एक जागरूक ग्रह बनाने के लिए करें जहां हर जीवन वास्तव में विकसित हो सके।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
क्या यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है कि हम उन लोगों से प्यार करना शुरू करें जो वे पहनते हैं या उनके पास जो कुछ भी है उससे परे वे कौन हैं? शरीर भी आत्मा के लिए एक पोशाक की तरह हैं।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
जब मां बाप आपके गुस्से से डरने लग जायें और आपको नसीहत देने से भी डरने लगें, फिर तो आपका ईश्वर ही मालिक है।

## नॉलेज कॉर्नर: टेक्टोनिक प्लेट्स के हिलने से धूजती है धरती

# जापान में हर साल करीब एक हजार भूकंप!

जापान में हाल ही में 7.4 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है। भूकंप की तीव्रता को देखते हुए सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है, हालांकि जापान के लोग भूकंप से अनजान नहीं है, वजह वहां हर दूसरे दिन आने वाला भूकंप है। दरअसल, जापान में लगभग हर दूसरे दिन भूकंप आता है, जिसके चलते वहां के लोग पक्के घरों का निर्माण भी नहीं करते। छोटे-बड़े सभी भूकंपों की बात करें तो हर साल जापान में तकरीबन एक हजार भूकंप आते हैं। वहीं हर साल दुनिया में तकरीबन 20 हजार भूकंप आते हैं, इनमें से 100 ऐसे होते हैं जो नुकसान पहुंचाते हैं। इनमें से 1 या दो तबाही लाने वाले हो सकते हैं। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### क्या होती हैं टेक्टोनिक प्लेट्स

जब धरती के कोर से कोई ऊर्जा निकलती है तो उससे टेक्टोनिक प्लेटें हिलने को मजबूर हो जाती हैं। रिंग ऑफ फायर टेक्टोनिक प्लेटों का जंक्शन है, इसीलिए यहां प्लेटों में घर्षण की संभावना ज्यादा रहती है। इसीलिए यहां आने वाला भूकंप तीव्र होता जाता है। टेक्टोनिक प्लेटों से निकली ऊर्जा जब तक मुक्त नहीं होती तब तक भूकंप बना रहता है। यदि इसका केंद्र समुद्र में हो तो विनाशकुमारी सुनामी आती है। खास बात ये है कि ये टेक्टोनिक प्लेट हर साल कुछ सेकेंड ही बढ़ती हैं, लेकिन जब भूकंप आता है तो ये कई मीटर तक बढ़ जाती हैं। रिंग ऑफ फायर में आने वाले भूकंप की जद में अकेले जापान ही नहीं है, बल्कि रूस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, फिलीपींस, मैक्सिको, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली बोलिविया भी भूकंप की जद में हैं।



### बेहद संवेदनशील

पिछले कुछ समय में जापान से भूकंप की कई खबरें सामने आई हैं। वहीं साल की शुरुआत भी जापान में भूकंप से ही हुई है। जापान की धरती भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। इसका एक प्रमुख कारण वहां मिलने वाली धर्ती की सबसे अशांत टेक्टोनिक प्लेट्स है। ये प्लेटें एक अभिकेंद्रित सीमा बनाती हैं। जिसके कारण यहां की धरती दुनिया के सर्वाधिक भूकंपों का केन्द्र बन जाती है। वहां लोग पक्के मकान न बनाकर कच्चे यानी मिट्टी और लकड़ी के घरों का निर्माण करते हैं।

### मजबूत है जापान की मॉनिटरिंग

*जापान में भूकंप की मॉनिटरिंग करने का सिस्टम काफी मजबूत है। देश की मेट्रोलॉजिकल एजेंसी छह स्तरों पर लगातार हर पल मॉनिटर करती रही है। इसी एजेंसी के माध्यम से सिर्फ तीन मिनट में पूरे देश में भूकंप और सुनामी की चेतावनी जारी कर दी जाती है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**झारखंड में चढ़ा सियासी पारा:** भाजपा प्रतिनिधमंडल राज्यपाल से करेगा मुलाकात

# पत्नी को सीएम बनाने की अटकलों को सोरेन ने बताया BJP की कल्पना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

झारखंड में जेएमएम के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। अहमद के इस्तीफे के बाद भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बना सकते हैं।

लेकिन सीएम सोरेन ने मंगलवार को भाजपा के दावे को खारिज करते हुए कहा कि यह विपक्षी पार्टी की कोरी कल्पना हैं। उन्होंने कहा कि इन अटकलों में जरा सी भी सच्चाई नहीं हैं। निकट भविष्य में मेरी पत्नी के चुनाव लड़ने की संभावना भाजपा की कल्पना हैं।

यह पूरी तरह से भाजपा द्वारा झूठी कहानी गढ़ी गई हैं। इस बीच, भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करेगा। इस दौरान उनसे आग्रह करेगा कि अगर हेमंत सोरेन सरकार मुख्यमंत्री की पत्नी को उनके उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव रखती है तो



वह कानूनी विशेषज्ञों और अटॉर्नी जनरल से इस पर सुझाव मांगें। भाजपा ने दावा किया है कि अहमद को पद छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था, ताकि मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ईडी के समन के संबंध में किसी भी स्थिति में गांडेय सीट से चुनाव लड़ सकें।

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री को भेजे गए समन और सत्तारूढ़ दल झामुमो के गांडेय विधायक सरफराज अहमद के सोमवार को अचानक इस्तीफे से अटकलें तेज हो गई थी। भाजपा ने कहा कि सात बार प्रवर्तन निदेशायलय के समन को अनदेखा कर चुके हेमंत को गिरफ्तारी से पहले कुर्सी अपनी पत्नी को सौंपना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने अहमद का इस्तीफा लिया है।

### क्यों बढ़ी अटकलें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ओर से सातवां समन जारी होने के बाद पार्टी विधायक ने दिया इस्तीफा

### जिसने गलत किया उसको परिणाम भुगतना होगा: राज्यपाल

इधर, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जिन्होंने कुछ गलत किया हैं, उन्हें परिणाम भुगतना ही होगा। राजभवन राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा हैं। राज्यपाल ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण, यह स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ रही हैं। इस पर कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि राज्यपाल का ऐसा बयान देना ठीक नहीं है।

### मीडिया ट्रायल करवा रही है ईडी:सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी ऑफिस में एक बंद लिफाफा भेजवाया गया है. सीएम ऑफिस का कर्मचारी लिफाफा लेकर ईडी कार्यालय पहुंचा। सोरेन ने बंद लिफाफे में ईडी को भेजे जवाब में कहा कि एजेंसी पर ही कई आरोप लगाए हैं और कहा है कि वह उनका मीडिया ट्रायल करवा रही है। सीएम ने यह भी लिखा है कि वह उसके सारे सवालो का जवाब दे चुके हैं।

### मारन ने श्रमिकों पर दिए बयान पर मांगी माफी



**चेन्नई।** द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने मंगलवार को श्रमिकों पर दिए बयान के लिए माफी मांग ली। अभी हाल ही में सांसद ने उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रमिकों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। बयान का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रचारित होने के बाद उन्हें काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। सांसद मारन ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में कहा कि नौ साल के शासनकाल में भाजपा की उपलब्धियों से अधिक लोगों को परेशानी हुई है। इस कारण अब मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का पतन निकट है। यही कारण है कि लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा का आईटी सेल विपक्षी नेताओं के भाषणों में छेड़छाड़ कर इंटरनेट पर प्रचारित कर रहा है।

### राज्यपाल खान भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ लें

**नई दिल्ली।** माकपा की वरिष्ठ नेता वृंदा करात ने मंगलवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल के राज्यपाल के लिए सीधे चुनावी राजनीति में आना अधिक उचित होगा। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल खान व मुख्यमंत्री पी विजयन के बीच कुछ मसलों को लेकर कई दिन से जुबानी जंग जारी है। वृंदा करात ने कहा, अगर राज्यपाल को सीधे राजनीति में आने में इतनी दिलचस्पी है, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए, क्योंकि 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह उनकी राजनीतिक समझ का हिस्सा होगा। भाजपा का टिकट लें और केरल की किसी भी सीट पर चुनाव लड़ें। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। वृंदा करात ने कहा कि जो भी मुद्दा है, माननीय राज्यपाल को उस पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा करनी चाहिए।

**भाजपा की बैठक:** नारा अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार

# असंतुष्ट नेताओं को मनाएगी BJP बातचीत के लिए समिति गठित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों और 22 जनवरी को अयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा की मंगलवार को नई दिल्ली में अहम बैठक हुई । बैठक में चुनावों को लेकर संभावित रणनीति पर मंथन हुआ। सूत्रों के अनुसार बैठक में पार्टी ने असंतुष्ट नेताओं को लेकर भी चर्चा की।

दरअसल चुनाव से पहले पार्टी अपने घर को दुरुस्त करने की योजना बना रही है। पार्टी चुनाव से पहले अपने असंतुष्ट नेताओं से बातचीत करेगी। जिससे वो ज्यादा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज कर सके। बैठक में पार्टी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को नया नारा दिया- 'तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार'। हर लोकसभा क्षेत्र के लिए जल्द ही नए पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

बैठक में बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जाएंगे बैठक में एक समित का गठन किया गया है। जो लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी से रूठे हुए नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल करने की कोशिश करेगी। समिति हर नेता से बात करेगी और उनकी असंतुष्टि का कारण पता करेगी। जिसके बाद उस पर चर्चा की जाएगी और उस कारण को खत्म करके असंतुष्ट नेताओं की पार्टी में वापसी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार समिति में 8 सदस्य होंगे। बैठक में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्वनी वैष्णव, मनसुख मांडविया, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा, महासचिव विनोद तावड़े, तरुण चुग और सुनील बंसल शामिल थे। सूत्रों के अनुसार पार्टी अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस, सपा, बसपा में गए अपने नेताओं को वापस ला सकती है। यह समित ही तय करेगी कि किसको पार्टी में वापस लाना है और किसको नहीं।



### यह किया तय

- देशभर में विधानसभा स्तर पर नए मतदाता को लेकर सम्मेलन
- महिला सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे।
- फर्स्ट टाइम वोटर्स, युवाओं और महिला मतदाताओं से संपर्क पर खास जोर रहेगा
- राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक होंगे नियुक्त

### राम मंदिर पर चलेगा मेगा अभियान, विस्तार से बनाई रणनीति

बैठक में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी विस्तार से रणनीति बनाई गई। सूत्रों के अनुसार प्रतिष्ठा समारोह के बाद राम मंदिर पर 25 जनवरी से 25 मार्च तक मेगा अभियान चलाया जाएगा। राम मंदिर जाने के इच्छुक लोगों की मदद के पार्टी हरसंभव प्रयास करेगी। सभी कार्यकर्ताओं को राम मंदिर से जुड़े सभी आयोजनों में हिस्सा लेने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा बूथ कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि वे उन लोगों से संपर्क करें और उनकी सहायता करें, जो राम मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं। बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सबको अच्छे से दर्शन करवाना है। किसी को असुविधा ना हो। बिना भेदभाव के दर्शन कराने की व्यवस्था कराने पर हमारा फोकस होगा।

**सोनिया गांधी का** भाजपा पर प्रहार

# धर्मनिरपेक्षता देश के लोकतंत्र का बुनियादी स्तंभ



**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को एक लेख में केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता को भारत के लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्ष शब्द का इस्तेमाल अब सत्ता में बैठे लोगों द्वारा 'अपमानजनक' के रूप में किया जा रहा है। इसकी वजह से समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र का सिद्धांत समाज के सभी विविध समूहों के बीच सद्भाव और समृद्धि को बढ़ावा देना है। सोनिया गांधी ने मनोरमा ईयरबुक 2024 के लिए लिखे गए लेख में कहा, वे कहते हैं कि'लोकतंत्र' के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन साथ ही वे लोग लोकतंत्र के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सुरक्षा उपायों को कमजोर करते हैं।

हमारे देश को सद्भाव की ओर ले जाने वाले रास्तों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और इसके परिणाम पहले से ही देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता आपस में इस तरह से जुड़े है, जैसे एक पटरी पर दो ट्रेन और यह मौजूदा सरकार को एक सामंजस्यपूर्ण समाज का मार्गदर्शन करते हैं। सोनिया ने कहा, हम सभी इन शब्दों से परिचित हैं, जिनका सामना हम अपनी बहसों, भाषणों, नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों और संविधान की प्रस्तावना में करते हैं। इससे परिचित होने के बावजूद इन अवधारणाओं के पीछे के गहरे अर्थ अक्सर स्पष्ट नहीं होते हैं।

**केंद्र सरकार ने** पूरा किया होम वर्क

# लोकसभा चुनाव से पहले CAA लागू करने की पूरी हुई तैयारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार के विश्वस्त सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में होमवर्क पूरा कर लिया है। संभव है कि जनवरी या फरवरी में सीएए के नियम लागू हो जाएंगे।

नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश




शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी।

इससे पहले भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत इस नियम को आसान बनाया गया है। नागरिकता हासिल करने की अवधि को 1 से 6 साल किया गया है।

**तेलंगाना-** आंध्र प्रदेश में बदल सकते हैं सियासी समीकरण

# शर्मिला की पार्टी का कांग्रेस में होगा विलय

**एजेंसी** | हैदराबाद

वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला 4 जनवरी को अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने के लिए तैयार हैं। मंगलवार को हैदराबाद में पार्टी नेताओं के साथ एक अहम बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि एक-दो दिन में सब कुछ साफ हो जाएगा। वाईएसआरटीपी के अन्य नेताओं ने पुष्टि की कि वह कांग्रेस में शामिल होंगी।

शर्मिला के इस कदम से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सियासी समीकरण बदल सकते हैं। शर्मिला बुधवार को नई दिल्ली



पहुंचेंगी। अगले दिन शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगी। वाईएसआरटीपी के महासचिव टी. देवेंद्र रेड्डी ने कहा कि शर्मिला को कांग्रेस में एक महत्वपूर्ण पद मिलने की संभावना है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं।

### आंध्र में मिल सकती है अहम भूमिका

कांग्रेस नेतृत्व उन्हें आंध्र प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने का काम दे सकता है। यहां पर साल 2014 में राज्य के विभाजन पर जनता के गुस्से के कारण पार्टी का लगभग सफाया हो गया था। वह 2014 और 2019 में आंध्र प्रदेश में एक भी विधानसभा या लोकसभा सीट जीतने में विफल रही और उसका वोट शेयर दो प्रतिशत से भी कम हो गया। कर्नाटक और हाल ही में तेलंगाना में जीत के बाद उत्साहित कांग्रेस शर्मिला के पिता और दिवंगत मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की विरासत का सहारा लेकर आंध्र प्रदेश में पार्टी में नई जान फूंकने की उम्मीद कर रही है।

### कांग्रेस-BRS का डीएनए एक: भाजपा

इस बीच, तेलंगाना प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस और बीआरएस को एक जैसी पार्टी बताया है। रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस का डीएनए एक ही है। दोनों ही भ्रष्टाचारी पार्टियां है। कलेश्वरम प्रोजेक्ट घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जब कांग्रेस विपक्ष में थी तब वह इस मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रही थी।

**कांग्रेस: सीटों के बंटवारे पर मंथन**

# 9 राज्यों में गठबंधन की तैयारी, खरगे को आज सौंपी जा सकती है रिपोर्ट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में करारी हार से उबरने की कोशिश में जुटी कांग्रेस ने अगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टी विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों के साथ सीटों के बंटवार के लिए सर्वसम्मत फॉर्मूला तैयार करने में जुटी है। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने इसके लिए एक फॉर्मूला वस्तुतः तैयार कर लिया है और इसकी रिपोर्ट बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी जाएगी। पार्टी की सीटों के बंटवारे पर एक बैठक छह जनवरी को होने के आसार हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस 9 राज्यों



में गठबंधन करने जा रही है। इसके साथ ही पंजाब में गठबंधन की संभावना बेहद कम नजर आ रही है। जिन राज्यों में कांग्रेस अपने सहयोगी दलों से गठबंधन कर सकती है, उनमें जम्मू कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं।

### पश्चिम बंगाल में कांग्रेस-टीएमसी में तकरार, कैसे होगी नैया पार

दूसरी ओर आपसी अविश्वास के चलते पश्चिम बंगाल में अगामी लोकसभा चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया खासकर तृणमूल कांग्रेस व कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवार के लेकर असमंजस कायम है। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 22 सीटों पर तृणमूल कांग्रेस विजयी रही थी जबकि 18 सीटें भाजपा के खाते में गई थी। कांग्रेस को माल्दा व मुर्शिदाबाद दो सीटों पर विजय मिली थी। तृणमूल कांग्रेस मानती है कि राज्य में वही केवल भाजपा का मुकाबला कर सकती है। पिछले दिनों ममता बनर्जी ने इस ओर साफ इशारा भी किया था। उन्होंने कहा था कि इंडिया का गठन केवल राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से मुकाबला करने के लिए हुआ है।



पश्चिम बंगाल में केवल टीएमसी ही भाजपा को मात दे सकती है। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की राज्य में इंडिया में शामिल दलों के साथ गठबंधन करने में दिलचस्पी नहीं हैं। चौधरी ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले में मीडिया से बात यह बात कही थी। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के कुछ नेताओं का मानना है कि सीटों के बंटवारे का हल निकालने के लिए कांग्रेस व टीएमसी को उन सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए जहां पर भाजपा का कब्जा है। जो सीटें टीएमसी व कांग्रेस के पास हैं, उन पर चर्चा की जरूरत नहीं है। यानी वे सीटें संबंधित पार्टी के पास रहें। ध्यान भगवा खेमे से सीटें छीनने पर केंद्रित किया जाए।

### आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में वार-पलटवार





आम आदमी पार्टी के साथ पंजाब में गठबंधन को लेकर कांग्रेस की राह आसान नहीं है। पिछले कुछ दिनों से दोनों दलों के नेता एक-दूसरे के खिलाफ बयान दे रहे हैं, उससे अंदर के हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। सोमवार को सीएम भगवंत मान ने पंजाब कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेता गठबंधन के खिलाफ हैं। उन्हें अंदेशा है कि अगर ऐसे गठबंधन से पंजाब में चुनाव लड़ा गया तो कांग्रेस का पंजाब से सूपड़ा साफ हो जाएगा। मान बोले थे कि जल्द ही पंजाब और दिल्ली में माताएं अपने बच्चों को यह कहानी सुनाती दिखाई देंगी- 'एक थी कांग्रेस'। सीएम मान के इस बयान पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने मंगलवार को कहा कि बड़े गठबंधन में आने के जितने तौर-तरीके हैं, उसकी समझ आप को नहीं है। आने वाले समय में माताएं ये भी कहेंगी कि एक पार्टी थी जो आज कल तिहाड़ जेल में मिलती है।

## जरूरी खबर

### SC ने रेलवे से सुरक्षा उपायों पर मांगी जानकारी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रेल हादसों को रोकने के लिए रेलवे द्वारा उठाए गए सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को निर्देश दिया कि वह ट्रेन हादसों से बचने के लिए सुरक्षात्मक प्रणालियों के बारे में बताएं। न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को निर्देश दिया है। पीठ ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह दो दिनों के अंदर अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को अपनी याचिका की एक प्रति सौंपे।

### CEC व EC की नियुक्ति संबंधी कानून को चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए एक तटस्थ और स्वतंत्र चयन समिति की गठन करने की बात कही गई। वहीं, कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बने नए कानून को चुनौती दी गई है। जनहित याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्त की नियुक्ति के लिए केंद्र द्वारा 28 दिसंबर, 2023 को जारी राजपत्र को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### कनाडाई अध्ययन परमिट में 40% की आई कमी




**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच चल रहे राजनयिक विवाद के चलते कनाडा में अध्ययन के लिए आवेदन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में भारी गिरावट आई है। जुलाई 2023 के बाद से संसाधित अध्ययन परमिट आवेदनों की संख्या में 40 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। कनाडाई सरकार ने जुलाई से अक्टूबर 2022 तक भारतीय नागरिकों के लिए लगभग 146,000 नए अध्ययन परमिट आवेदनों पर कार्रवाई की। लेकिन 2023 में इसी अवधि में इसने 87,000 से भी कम आवेदनों पर कार्रवाई की, जो साल-दर-साल 41 प्रतिशत की कमी को दर्शाता है।

## यह मंदिर नहीं, तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन है...



*तिरुचिरापल्ली। चित्र में नजर आ रही यह इमारत किसी मंदिर की नहीं, तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इसका उद्घाटन और उसका अवलोकन किया।*

### जातीय सर्वे का विवरण सार्वजनिक करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में हुए जातिगत सर्वे को लेकर सुनवाई के दौरान मंगलवार को राज्य सरकार को अहम निर्देश दिया। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वो जाति सर्वेक्षण का पूरा विवरण सार्वजनिक करे, ताकि असंतुष्ट लोग निष्कर्षों को चुनौती दे सकें। अदालत ने कहा, मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, बिहार में कराए गए जाति सर्वेक्षण का डेटा जनता को उपलब्ध नहीं कराए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट चिंतित है। अगर कोई व्यक्ति सर्वेक्षण के किसी विशेष निष्कर्ष को चुनौती देना चाहता है तो उसके पास सर्वेक्षण का डेटा होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने कहा, सर्वेक्षण का डेटा सार्वजनिक होने के बाद बिहार सरकार के अधिकारी इसे अंतरिम रूप से लागू करना शुरू कर चुके हैं।

**पीएम मोदी का तमिलनाडु व लक्षद्वीप का दौरा, आज केरल में सभा**

# विकसित भारत बनाने के हैं आने वाले 25 साल: प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी** | तिरुचिरापल्ली/लक्षद्वीप

पीएम मोदी ने वर्ष 2024 की शुरुआत में मंगलवार को तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश लक्षदीप के दौरे से की। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में कई कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद एक सभा में पीएम मोदी ने कहा कि आजादी का अमृतकाल, यानी आने वाले 25 साल भारत को विकसित देश बनाने के हैं। उन्होंने कहा, जब मैं विकसित भारत की बात करता हूं तो इसमें आर्थिक और सांस्कृतिक, दोनों पहलू शामिल हैं। आज भारत शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, आज भारत दुनिया में एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। बड़े निवेशक देश में निवेश कर रहे हैं और इसका फायदा तमिलनाडु और देश की जनता को मिल रहा है।



### तमिलनाडु में खुली विकास की राह

- राज्य को दी 20 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात
- अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन
- मेक इन इंडिया का ब्रांड एंबेसडर बताया तमिलनाडु को

### 20 हजार करोड़ की सौगात दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए वर्ष के शुरू में दक्षिण भारत को विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मंगलवार को पीएम ने तिरुचिरापल्ली में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन भी शामिल है। इसके अलावा पीएम ने भारतीदासन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस दौरान राज्यपाल आरएन रवि और सीएम एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। बाद में पीएम लक्षद्वीप पहुंचे और कार्यक्रमों में भाग लिया।

### तमिल संस्कृति के बारे में सीखा

पीएम मोदी ने कहा मेरे कई तमिल मित्र थे और मुझे उनसे तमिल संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं दुनिया में जहां भी जाता हूं, मैं खुद को तमिलनाडु के बारे में बात करने से नहीं रोक सकता। पवित्र सेनगोल को नए संसद भवन में स्थापित किया गया, जो सुशासन के उस मॉडल से प्रेरणा लेने का एक प्रयास है।

### लक्षद्वीप: कमजोर बुनियादी ढांचे से विकास प्रभावित हुआ

लक्षद्वीप दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने अगाट्टी में एक समारोह में आरोप लगाया कि आजादी के कई साल बाद तक इन द्वीपों को उपेक्षा का सामना करना पड़ा। बंदरगाह और जहाजों से होने वाले परिवहन को द्वीपों की लाइफ-लाइन बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, बंदरगाह के कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण विकास प्रभावित हुए।

**मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा**

## उग्रवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी घायल

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में हिंसा का सिलसिला नहीं थम रहा है। राज्य के टेंग्नौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस के पांच कमांडो और एक बीएसएफ जवान घायल हो गए। इससे पहले सोमवार शाम एक अनय घटना में थौबल जिले के लिलोंग चिंगजाओ में हथियारों से लैस हमलावरों ने चार लोगों की हत्या कर दी थी। घटना में 14 अन्य घायल हो गए थे। इंफाल में पुलिस अधिकारियों ने कहा, संदिग्ध उग्रवादियों ने मंगलवार को पुलिस कमांडो और सीमा सुरक्षा कर्मियों को ले जा रहे वाहनों को निशाना बनाया। उन पर तब हमला किया गया जब वह म्यांमार के सीमावर्ती शहर मोरेह के रास्ते में थे। पुलिस कमांडो और बीएसएफ उग्रवादियों को पकड़ने के लिए संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। सभी घायल सुरक्षाकर्मियों को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से इंफाल ले जाया गया।

### दो लापता छात्रों के मामले में आरोप पत्र दायर


मणिपुर में दो लापता छात्रों के मामले में सीबीआई ने एक विशेष अदालत में पांच आरोपियों के खिलाफ दो अलग-अलग आरोप पत्र दायर किए हैं। छह जुलाई 2023 को छात्र ट्यूशन क्लास गए थे। । उस दौरान लोगों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया। पांच आरोपियों ने उन्हें बंधक बनाया। जिसके बाद उन्हें जबरन एक वाहन में डाला गया और अज्ञात स्थान ले जाकर उनकी हत्या कर दी गई हैं। बता दें, पांच आरोपियों में से चार गिरफ्त में हैं, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार हैं।

**जम्मू-कश्मीर पर उच्च स्तरीय बैठक**

## खुफिया जानकारी व समन्वय बढ़ाने की रणनीति पर जोर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को क्षेत्र में सुरक्षा की समीक्षा को लेकर गृह मंत्रालय में एक बैठक की। बैठक में सुरक्षा मजबूत करने के लिए पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय की रणनीति बनाई गई। बैठक में स्थानीय खुफिया जानकारी को बढ़ावा देने और मजबूत करने के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया



कि बैठक में स्थानीय खुफिया जानकारी को मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा हुईञ गृहमंत्री अमित शाह जल्द ही जम्मू कश्मीर का दौरा कर सकते हैं। बैठक में गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में तैनात पुलिस, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बीच क्षेत्र पर पूर्ण प्रभुत्व करने और बेहतर समन्वय पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। गृह मंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय खुफिया जानकारी को बढ़ावा देने और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सूत्रों ने बताया कि गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, रॉ प्रमुख,, जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा बैठक में शामिल हुए।

### विशेषाधिकार समिति की बैठक 12 जनवरी को

**नई दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति तीन कांग्रेस सदस्यों को सदन से निलंबित करने के मुद्दे पर 12 जनवरी को विचार करेगी। भाजपा सांसद सुनील कुमार सिंह पैनल की अध्यक्षता कर रहे हैं। समिति की बैठक में तीन कांग्रेस सांसदों के जयकुमार, अब्दुल खालिक और विजयकुमार विजय वसंत के बयान दर्ज किए जाएंगे। बीते 18 दिसंबर को संसद में अशोभनीय आचरण के आरोप में तीनों को स्पीकर ओम बिरला ने निलंबित कर दिया था। बैठक में तीनों कांग्रेस सांसदों को मौखिक साक्ष्य दर्ज कराने होंगे।

## NCDC प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण व शिलान्यास



*नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया मंगलवार को नई दिल्ली में एनसीडीसी के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल भी इस अवसर पर मौजूद थे।*

**विदेश मंत्री का चीन-कनाडा को भी सख्त संदेश**

# पाकिस्तान से उसकी शर्तों के आधार पर नहीं होगी कोई बात: जयशंकर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान सीमा पार से आतंकवाद के जरिए भारत पर बातचीत के लिए दवाब बनाने की कोशिश कर रहा है। हम पाकिस्तान से बात करेंगे लेकिन उसकी शर्तों के आधार पर नहीं।

पाकिस्तान के अलावा उन्होंने कनाडा को भी सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कनाडा में खालिस्तानी ताकतें मजबूत हो रही हैं, ये न तो भारत के हित में है ना ही कनाडा के।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विदेश मंत्री जयशंकर ने एक समाचार एजेंसी के साथ बातचीत



में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। पाकिस्तान से बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा, पाकिस्तान की मुख्य नीति ही आतंकवाद रही है। भारत ने अब वह खेल खेलना बंद कर दिया है और पड़ोसी देश की आतंक की नीति को अप्रासंगिक बना दिया है।

पाकिस्तान अक्सर ही नापाक मंसूबों के लिए सीमा पार से आतंकियों को भारत की ओर भेजता रहता है।

### चीन के मुद्दे पर सरदार पटेल की नीति पर जारी है काम

जयशंकर ने चीन के साथ संबंधों के मुद्दे पर कहा कि भारत को चीन के साथ आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और साझा हितों के आधार पर रिश्ता कायम करने की जरूरत है। उन्होंने चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए भारत के दृष्टिकोण में बदलाव की बात की। उन्होंने कहा कि नेहरू ने चाइना फर्स्ट की नीति पर काम किया। शुरुआत से ही नेहरू और सरदार पटेल के बीच चीन को कैसे जवाब दिया जाए इस मुद्दे पर मतभेद रहा है। मोदी सरकार चीन से निपटने में सरदार पटेल द्वारा शुरू की गई यथार्थवाद की धारा के मुताबिक ही काम कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत चीन के 'माइंड गेम्स' में हार गया है, इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता है कि हम हार गए हैं लेकिन अलग-अलग समय पर जब हम आज अतीत के हिस्सों की बात करते हैं, तो उन्हें समझना बहुत मुश्किल होता है। पंचशील समझौता एक और ऐसा उदाहरण है।

### खालिस्तानियों को दी जा रही है जगह

भारत-कनाडा संबंधों और खालिस्तानी मुद्दे पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा की राजनीति में खालिस्तानी ताकतों को बहुत जगह दी गई है। और उन्हें ऐसी गतिविधियों में शामिल होने की छूट दी गई है जिससे संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है।

### भारत किसी पर अपने विचार नहीं थोप रहा

क्या भारत विश्वामित्र बन गया है और अपने विचार दुनिया पर थोप रहा है? इस सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम अपने विचार किसी पर थोप रहे हैं। हमें कई परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता के रूप में देखा जाता है। बहुत से नेता भारत आना चाहते हैं। एक विदेश मंत्री के रूप में मेरी बड़ी चुनौतियों में से एक यह समझाना है कि प्रधानमंत्री हर साल दुनिया के हर देश का दौरा क्यों नहीं कर सकते। जबकि हर कोई चाहता है कि वे उनके देश का दौरा करें।

### 'भारत' शब्द कोई राजनीतिक बहस नहीं, एक मानसिकता है

'भारत' शब्द को लेकर चल रही बहस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'भारत' शब्द का सिर्फ एक सांस्कृतिक सभ्यतागत अर्थ नहीं है। बल्कि यह आत्मविश्वास है, आप खुद को कैसे समझते हैं और दुनिया के सामने क्या शर्तें रख रहे हैं, यह भी है। यह कोई संकीर्ण राजनीतिक बहस या सांस्कृतिक बहस नहीं है। यह एक मानसिकता है। अगर हम वास्तव में अगले 25 वर्षों में 'अमृत काल' के लिए गंभीरता से तैयारी कर रहे हैं और 'विकसित भारत' की बात कर रहे हैं, तो यह तभी संभव हो सकता है जब आप 'आत्मनिर्भर भारत' बनें।

## JIFF 2024: 62 देशों से प्राप्त 2271 प्रविष्टियों में से 37 देशों की 255 फिल्में चुनी

# देश-दुनिया की फिल्मों के बीच लुभाएंगी राजस्थान की 9 खास मूवीज

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स दुनिया भर की वर्ल्ड क्लास फिल्मों का लुत्फ लेंगे और निर्माता-निर्देशकों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। प्रदेश के यंगस्टर्स फिल्म मेकिंग को करीब से जान पाएंगे। क्योंकि देश-दुनिया की सैकड़ों फिल्मों को जयपुर के मंच पर लाया जा रहा है। इसके लिए जयपुर इंटरेनशनल फिल्म फेस्टिवल-जिफ ने तीसरी सूची जारी की है। 16वें जिफ के लिए नवंबर में जारी पहली सूची में 29 देशों की 157 फिल्मों का और 15 दिसंबर को दूसरी सूची में 14 देशों की 62 फिल्मों का चयन हुआ था। अब तक 62 देशों से प्राप्त 2271 फिल्मों में से 37 देशों की 255 फिल्मों को सलेक्ट किया गया है। अब 21 जनवरी को नामांकित फिल्मों की चौथी सूची और फेस्टिवल प्रोग्राम सामने होगा, क्योंकि फेस्ट 9 से 13 फरवरी तक गुलाबी नगरी में मनाया जाएगा।




### ये फिल्में रही खास

जिफ फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने बताया, कि फिल्म लवर्स के लिए देश-दुनिया की इस बार अब तक 62 फुल लेंथ फीचर फिक्शन फिल्मों के साथ 26 फुल लेंथ डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्में लाई गई हैं। इनमें विश्व प्रीमियर से लेकर भारत और राजस्थान प्रीमियर शामिल हैं।

### मोबाइल फिल्मों का क्रेज

गौरतलब है, कि इस वर्ष राजस्थान से सिनेमा को बड़ी संख्या में शामिल किया गया है। साथ ही दर्शकों को शॉर्ट फिक्शन फल्में, एनीमेशन, सॉन्ग्स, वेब सीरीज और मोबाइल फिल्में देखने को मिलेंगी। फिल्में ताजे घटनाक्रमों युद्ध, शांति, पर्यावरण, राजनीति, बच्चे आदि विषयों पर आधारित होंगी।

**राजस्थान से 9 फिल्में चयनित:** दूसरी ओर राजस्थान से 9 फिल्मों का चयन किया गया है। इसमें धर्मेन्द्र मूलवानी की जीवन की खोज, तपतेश कुमार मेवाल का सॉन्ग तेरा रूप, असद पिक्चर्स और टीम की मंदिर, मस्जिद और भारत का विकास, हंसराज आर्य की चाह (इच्छा), राकेश गोगना पुष्कर फेयर, गौरव पंजवानी की क्रॉस रोड, जॉर्ज ग्रोवर की बिना फाटक के रेलवे लाइन-2, डॉ. मालती गुप्ता का सॉन्ग वॉटर और फायर का चयन हुआ।


### थर्ड लिस्ट में हर क्लेवर-फ्लेवर


फेस्ट में इस बार की तीसरी सूची में प्रतियोगिता के लिए 6 श्रेणियों में चयनित फिल्मों में 10 फीचर फिक्शन फिल्म, 7 डॉक्यूमेंट्री फीचर, 10 शॉर्ट फिक्शन, 5 शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 1 वेब सीरीज और 3 सॉन्ग्स शामिल हैं। ऐसे में इस बार सभी प्रकार के क्लेवर और फ्लेवर खास होगा।

### चयनित फीचर फिल्में

भारत से फीचर फिल्मों में मलयालम, हिंदी, मराठी, तेलुगू और बंगाली भाषा में किर्कन डायरेक्टर जोश, अंडरबग डायरेक्टर शुजात सौदागर, सा ला ते सा ला ना ते डायरेक्टर संतोष लीलाधर कोल्हे, मंगलावरम डायरेक्टर अजय भूपति, प्रजाकवि कालोजी डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर जैनी, लवास्ते डायरेक्टर सुदेश कनौजिया, मल्हार डायरेक्टर विशाल कुंभार, फेडेड मेमोरीज डायरेक्टर बिजय चौधरी और विनर डायरेक्टर पूर्णेंदु हलधर की फिल्में शामिल हैं







## हेल्दी लाइफ स्टाइल का मैसेज



**बेधड़क. जयपुर।** सर्द सुबह और घना कोहरा होने के बाद भी जयपुराइट्स नव वर्ष वेलकम वीक में लोगों को हेल्दी लाइफ स्टाइल के लिए अवेयर करते नजर आए। साथ ही लोगों का स्वागत दूध-जलेबी से किया। जवाहर सर्किल पर जवाहर सर्किल रनिंग ग्रुप ने ये अनूठे आयोजन किए। इसमें सभी मैंबर ने जयपुर को स्वच्छ रखने और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया और लोगों को दिलाया। जवाहर सर्किल ग्रुप ने 101 किलो दूध और 15 किलो जलेबी आस-पास घूमने वाले लोगों को वितरित किया। इस आयोजन में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक, धर्मवीर यादव, मीनू लूनिया, निकिता, पूजा, अभिलाषा, हरकेश, हिम्मत सिंह राजावत, कैप्टन जसवीर, डॉ. नमित शर्मा, ध्रुव सोढ़ानी, सुनील जैन, अतुल माहेश्वरी और कई लोग उपस्थित रहे। बाद सभी मैंबर ने अपनी 5 किलोमीटर की रन पूरी कर लोगों को हेल्दी रहने का संदेश दिया।

## स्वच्छता का लिया संकल्प

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने नए साल की शुरुआत ग्रीनरी लाने के संकल्प के साथ की और साफ-सफाई करते हुए जयपुर को स्वच्छता में अव्वल लाने का प्रयास किया। इस दौरान टीम 10 के सदस्यों ने पेड़-पौधों की संभाल की और श्रमदान करते हुए क्षेत्र को साफ किया। कई ग्रुप बनाकर अलग-अलग श्रमदान किया। पेड़ों में पानी डाला गया और मलवा उठाते हुए सफाई की। ट्री एंबुलेंस ने दोपहर तक विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ों व पौधों की सार संभाल की।

## माथुर को जन्मदिन की बधाई



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में निम्स निदेशक न्यूरोसर्जन भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. पंकज सिंह ने समर्थकों के साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर के जन्मदिन पर उनके आवास पर जाकर बधाई दी। गौरतलब है माथुर ने हाल ही में छत्तीसगढ़ में भाजपा को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उसके लिए भी डॉक्टर पंकज सिंह ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सर्वेश्वर शर्मा मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### शिविर में 315 मरीजों का उपचार



**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेर के मदरामपुरा स्थित बालाजी हॉस्पिटल में अमेरिका की मेडिकल टीम द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का लगाया गया, जिसमें महात्मा गांधी हॉस्पिटल एवं बालाजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया एवं नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य एवं सामाजिक शिक्षा और दंत चिकित्सा भी प्रदान की गई। शिविर में निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। बालाजी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि कुल 315 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। हॉस्पिटल की ऑनर कविता मेघवंशी एवं डॉ. विनोद सक्सेना द्वारा आयोजित शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। बालाजी हॉस्पिटल स्टाफ शंकर मीणा, डॉ. आशुतोष सिन्हा, फूलचंद, जीतराम, अशोक, राकेश, कमल सिंह शेखावत, राकेश नागर, अभिचल, हीना बानो, प्रियंका, विनोद, अजय, सूरज भदाला, अविनाष सोनी, राजू, कृष्ण कौशिक एवं राजेन्द्र का विशेष योगदान रहा।

### 108 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** भागवत मिशन परिवार के बैनर तले गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा का परिवार का 25वें वार्षिकोत्सव पर 108 श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ में 108 महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। इस मौके पर विद्याधर नगर सेक्टर-7 अग्रसेन अस्पताल के पीछे स्थित मैदान पर परमश्रद्धेय व ख्यातिप्राप्त कथावाचक मृदुल कृष्ण गोस्वामी भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। गिर्राज संघ परिवार अध्यक्ष मदन सोमानी ने बताया कि भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा बुधवार दोपहर 12:30 बजे विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित शिव मंदिर से शुरू होगी। बैंड-बाजों के साथ निकलने वाली यात्रा में महिलाएं सिर पर मांगलिक कलश तो 108 यजमान सिर पर भागवत पोथी व विद्वान मंत्र का जाप करते हुए चलेंगे। कथा स्थल पर कथा के प्रारंभ में पीठाधीश्वर सिद्धपीठ धाम मेहंदीपुर बालाजी धाम के महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज दीप प्रज्जवलित कर करेंगे। मंत्री गिरीश अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी कथा सुनने आएंगे।

### गूंजेंगे चित्रगुप्त, आनंद-मिलिंद के नगमे

**बेधड़क. जयपुर।** चित्रांश आर्ट्स एंड कल्चर ग्रुप से 30 सिंगर्स द्वारा संगीतकार चित्रगुप्त और आनंद मिलिंद द्वारा संगीतबद्ध किए गए गानों को सुरीले अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि संगीतकार चित्रगुप्त श्रीवास्तव द्वारा 1000 से ज्यादा गाने संगीतबद्ध किए गए। चित्रगुप्त के दोनों बेटे आनंद श्रीवास्तव, मिलिंद श्रीवास्तव द्वारा सोलह सौ से अधिक गानों को संगीत बंद किया गया। दोनों ने अस्सी-नब्बे के दशक में अपने संगीत से सजी बेहतरीन हिट फिल्में दी, जिनमें दिल, बेटा, कयामत से कयामत तक तथा लाल दुपट्टा मलमल का शामिल है। गुरुवार को जवाहर कला केंद्र के मंच पर उनके संगीत से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

## चेतना उत्थान साधना शिविर का आयोजन

# शक्तियों के उचित उपयोग के लिए साधना को आंदोलन बनाना जरूरी



**बेधड़क | जयपुर**

गायत्री परिवार की धुरी साधना ही है। शक्तियों के सही उपयोग के लिए साधना को आंदोलन बनाने की आवश्यक्ता है। यह विचार गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने रखे। मौका था अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में 3 दिवसीय चेतना उत्थान साधना शिविर के समापन का। नववर्ष में साधकों को साधना की नई ऊर्जा से परिपूर्ण करने के लिए आयोजित शिविर में 24 साधकों ने भाग लिया। समापन सत्र को गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने संबोधित किया।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा, सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश भाटी, डॉ. प्रशांत भारद्वाज ने भी इस मौके पर विचार रखे। नए साधकों ने साधना की जीवन को अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। शुरुआत में प्रारंभ वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। तीन दिवसीय शिविर में व्यक्ति की आंतरिक चेतना का स्तर ऊपर उठाने के लिए साधकों ने गायत्री महामंत्र का जप किया।

आंतरिक शक्ति के जागरण के लिए ध्यान और शरीर की सुरक्षा के लिए योग-प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

हवन और स्वाध्याय रोजाना किया गया तो शिविर में उत्कृष्टता, मानवीय चेतना के उत्थान, संवेदना की पूर्णता के लिए अनेक आध्यात्मिक गतिविविधियां भी कराई गई।

## राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह के ऑनलाइन ऑडिशन

# 'सुर संगम' में केवल तीन मिनट का वीडियो बना रहा सिंगिंग में कॅरिअर



**बेधड़क | जयपुर**

सिर्फ तीन मिनट का ऑडियो जिंदगी बदलने के लिए काफी है। आपने ऐसा मोटिवेशनल स्पीकर्स से सुना होगा या फिर किसी महापुरुष की जीवनी में या किसी किताब में पढ़ा होगा, लेकिन जयपुर में ऐसा ही हो रहा है। सुर संगम संस्थान के राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह 'सुर संगम' के ऑन लाइन ऑडिशन में बस 3 मिनट की ही क्लिप मांगी जा रही, जिससे सिंगर का चयन किया जा रहा है। इसमें अब तक 100 से भी अधिक प्रतिभाओं ने ऑडियो अपलोड किए हैं। सुर संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष केसी मालू ने बताया कि ऑनलाइन ऑडिशन के प्रति युवा कलाकारों का रुझान अच्छा है। ऑडिशन 10 जनवरी तक जारी रहेंगे।

वीडियो में से श्रेष्ठ का चयन 10 जजों के पैनल द्वारा किया जा रहा है। हर जज 10-10 श्रेष्ठ वीडियो चयनित कर रहा है। पहले राउंड का चयन 20 जनवरी को होगा और उसके बाद दूसरे राउंड का चयन 27 जनवरी को किया जाएगा। दूसरे राउंड में चयनित 40 प्रतिभाओं को 20 से 22 फरवरी तक जयपुर में होने वाले अंतिम चरण के महा-मुकाबले में प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। सुर संगम के सचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता 16 से 25 वर्ष तक की प्रतिभाओं के लिए आयोजित की जा रही हैं। पहले स्थान पर रहने वाले 1 लाख, दूसरे पर रहने वाले चार प्रतियोगितयों को 25-25 हजार रुपए के तारा निर्मल सेठिया अवॉर्ड तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले 5 प्रतियोगियों को 10-10 हजार रुपए के माणक बाफना स्मृति नकद इनाम दिए जाएंगे।

**एएमपीएल 2024** | थंडरस्ट्रिकर्स, स्टार्स और सनराइजर्स ने जीत हासिल की

# सर्द हवाएं भी नहीं कर सकीं प्लेयर्स का जोश कम

**बेधड़क | जयपुर**

अग्रवाल वैश्य जागरूक मंडल समिति देवी नगर के तत्वाधान में एएमपीएल- 2024 के 7वें संस्करण में थंडरस्ट्रिर्कस ने अपने दोनों मैच व स्टॉस और सनराइजर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीते और इस दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन देखने को मिला।

ग्राउंड पर प्लेयर्स का जोश सर्द हवाएं भी कम नहीं कर पाईं। आयोजन सचिव भगवान दास मंगल ने बताया कि जयपुर में खेले गए प्रथम मैच में निर्माण नगर थंडरस्ट्रिर्कस ने देवी नगर रॉयल्स को 8 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच थंडरस्ट्रिर्कस की संगिता सिंघल रही, जिन्होंने बल्लेबाजी में 15 गेंदों पर 20 रन और अपने 2 ओवर में 7 रन देकर 1 विकेट व 1 मेडन ओवर डाला।



### स्टार्स की हंसू रही प्लेयर ऑफ द मैच

दिन के दूसरे मैच में टोंक रोड स्टार्स ने बापू नगर सपार्केल को 8 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच स्टार्स की हंसू रही। उन्होंने बल्लेबाजी में 7 गेंदों पर 10 रन और 2 ओवर में 6 रन देकर 2 विकेट लिए। दिन के थर्ड मैच में निर्माण नगर थंडरस्ट्रिकर्स ने अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स को 8 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच थंडरस्ट्रिर्कस की बिंदिया अग्रवाल रही, जिन्होंने 23 गेंदों पर 27 रन और 1 ओवर में 5 रन दिए।

### सुभाष नगर सनराइजर्स बनी विजेता

दिन के चौथे मैच में सुभाष नगर सनराइजर्स ने मानसरोवर क्वींस को एक रोमांचक मुकाबले में 10 विकेट से हराया। मैच की प्लेयर ऑफ द मैच सनराइजर्स की साक्षी मोदी रही। उन्होंने 30 गेंदों पर 50 रन और अपने 2 ओवर में 13 रन देकर 1 विकेट लिया।



योग्यता आपको शीर्ष पर पहुंचा सकती है, लेकिन आपको वहां बनाए रखने के लिए चरित्र की आवश्यकता होती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## कई इमारतें ढही, आग में 100 से ज्यादा घर और दुकानें राख



### 18 घंटों में आ चुके हैं भूकंप के 155 झटके

# जापान में भूकंप से अब तक 48 मरे

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में नए साल की शुरुआत में आए भूकंप से लोग दहशत में हैं, जहां सोमवार से अब तक करीब 18 घंटों में 155 भूकंप के झटके आ चुके हैं। इसमें सबसे तेज झटके इशिकावा में महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 7.6 तथा दूसरे की तीव्रता 6 से अधिक थी।

जापान के मौसम विज्ञान कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि सोमवार शाम 4 बजे (स्थानीय समय) के बाद से आए ज्यादातर भूकंप रिक्टर पैमाने पर 3 से अधिक तीव्रता के थे। भूकंपों की तीव्रता धीरे-धीरे कम हो गई, फिर भी मंगलवार को छह बड़े झटके महसूस किए गए। जापान में आए भीषण भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। जापानी के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि नए साल के दिन मध्य जापान में आए भूकंप से 'व्यापक' क्षति हुई और कई लोग हताहत हुए। उन्होंने कहा कि अधिकारी पीड़ितों को बचाने के लिए पूरी मशक्कत कर रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार जापान ने हालांकि सुनामी की सभी चेतावनियां हटा ली हैं। मध्य जापानी शहर वाजिमा में भूकंप के झटकों के बाद भीषण आग लग गई। एनएचके वर्ल्ड ने बताया कि इस घटना में 100 से ज्यादा दुकानें और घर जलकर राख हो गए। अधिकारी अभी भी भूकंप से हुए नुकसान के पैमाने का आकलन कर रहे हैं।






### हजारों घरों की बिजली गुल

भूकंप के कारण हजारों घरों की बिजली गुल हो गई और कई तटीय क्षेत्रों के निवासियों को ऊंचे स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। भूकंप के कारण जापान के पश्चिमी समुद्री तट के साथ-साथ पड़ोसी दक्षिण कोरिया में भी एक मीटर से ऊंटी लहरें उठीं।





### रनवे में दरार, हवाई संचालन बंद

भूकंप के कारण रनवे में दरार आने के बाद एक स्थानीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है। इशिकावा प्रांत के शिका टाउन में एक इमारत ढहने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं इशिकावा में चार लोगों की मौत हो गई है, जिसमें 50 साल के एक पुरुष और महिला, एक युवा लड़का और 70 साल का एक आदमी शामिल है।

## बलूच आतंकियों को फंडिग कर रहा भारत: पाक

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-काकड़ ने भारत और भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया है कि बलूचिस्तान की आजादी की मांग करने वाले अलगाववादियों को भारत और भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ से फंडिंग मिलती है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, लाहौर में बिजनेस फैसिलिटेशन सेंटर में 20 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान काकड़ ने बलूचिस्तान के मुद्दे पर बातें की। इस्लामाबाद में बलूच विरोध प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवालों पर वे अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान बलूचिस्तान को लेकर हो रहे प्रदर्शनों पर वे बेहद नाराज दिखे। गौरतलब है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रहने वाले लोग सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि पाकिस्तानी सेना बलूच लोगों का जबरन अपहरण कर रही है।


### टोक्यो एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त रनवे पर हुआ हादसा

## दो विमानों में टक्कर के बाद लगी आग, पांच की मौत

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में शक्तिशाली भूकंप और सुनामी आए अभी 24 घंटे भी नहीं बीते कि एक और हादसे ने लोगों को दहला दिया। मंगलवार को जापान के टोक्यो हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर उतर रहे एक विमान में आग लग गई। इस विमान में 379 यात्री सवार थे। विमान की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती देखी गईं। विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। हालांकि 5 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई।

घटना का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में आग की ऊंची लपटें दिखाई दे रही है। आग बुझाने के लिए टोक्यो अग्निशमन विभाग की ओर से लगभग 70 फायर ट्रक और अन्य वाहन भेजे गए। हालांकि आग की वजह से विमान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लागू कर दिया गया है। वहीं, तटरक्षक विमान में 6 लोग सवार थे, जिनमें से एक भागने में कामयाब रहा, लेकिन पांच लोगों की मौत हो गई है। हादसे के तुरंत बाद फ्लाइट की वीडियो और तस्वीरें सामने आ गई, जिसको देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितना बड़ा हादसा टला है।



### सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक

तटरक्षक प्रवक्ता योशिनोरी यानागिशिमा ने यात्री विमान और (तटरक्षक) बल की उड़ान एमए-722, बॉम्बार्डियर डैश-8 के बीच टक्कर की पुष्टि की। बाद में तटरक्षक बल की उड़ान से पांच लोगों के जले हुए शव बरामद किए गए हैं। हानेडा जापान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

## पुतिन ने यूक्रेन में भेजे 16 बमवर्षक 'भालू'

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन पर एक बार फिर से रूसी विमान कहर बरपा रहे हैं। रूस ने 16 बेहद घातक विमानों को यूक्रेन में हमला करने के लिए भेजा है। यूक्रेन का एयर डिफेंस सिस्टम मंगलवार को कीव पर रूस के मिसाइल हमले को विफल करने में लगा रहा। दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच यूक्रेन की सेना ने पहले ही हवाई अलर्ट जारी कर दिया था और नागरिकों को रूसी मिसाइल हमलों के आसन्न खतरे के बारे में आगाह किया है।

यूक्रेन की वायु सेना के बयानों के अनुसार, रूस ने यूक्रेन पर 35 हमलावर ड्रोनों से बमबारी की थी। यूक्रेनी वायु सेना ने टेलीग्राम के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा कि उन क्षेत्रों में मिसाइल का खतरा है जहां हवाई अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने रूस द्वारा लॉन्च किए गए सभी 35 हमलावर ड्रोनों को सफलतापूर्वक रोका और नष्ट कर दिया था। हालांकि, ड्रोन को मार गिराने के बाद अब रूस ने नई रणनीति अपनाई है। अब यूक्रेन को रूसी मिसाइल हमलों के एक नए और बढ़े हुए खतरे का सामना करना पड़ रहा है।

### क्यों घातक है टीयू

NATO की दुनिया में टीयू-95MS को 'भालू' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक रणनीतिक बमवर्षक और मिसाइल प्लेटफॉर्म है जो शीत युद्ध के युग से रूसी वायु सेना का एक प्रमुख हिस्सा रहा है। सोवियत संघ द्वारा विकसित, टीयू-95MS एक लंबी दूरी का टर्बोप्रॉप-संचालित बमवर्षक विमान है जिसमें पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न संशोधनों के साथ एडवांस वर्जन तैयार किए गए हैं। टीयू-95MS पारंपरिक या परमाणु बम सहित विभिन्न प्रकार के पेलोड ले जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में इसे क्रूज मिसाइलों को ले जाने के लिए भी तैयार किया गया है, जो इसे भारी सुरक्षा वाले हवाई क्षेत्र में प्रवेश किए बिना काफी दूरी पर लक्ष्य को भेदने की क्षमता देता है।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।